
मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा-पंजाब एवं नई दिल्ली से प्रकाशित

www.ajaybharat.com

दैनिक
# अजय भारत

ग्वालियर
बुधवार, 5 अगस्त 2026

वर्षः 13, अंकः 287
पेजः08, मूल्य ₹ 2.00 रुपये



सावन: चंबल वेली तरबतर

## दतिया उपचुनाव

# हार के बाद बीजेपी का बड़ा फैसला इन पर चलेगा हंटर !

भोपाल। अजयभारत न्यूज

मध्य प्रदेश की दतिया विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मिली हार भारतीय जनता पार्टी के लिए चिंता का सबब है। इस बड़ी हार के बाद बीजेपी नेतृत्व तुरंत ही एक्शन मोड में आ गया है और अब पार्टी की ओर से बड़ा फैसला लिया गया है।

दतिया उपचुनाव में हार के बाद बीजेपी ने कारणों की समीक्षा के लिए दो सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। प्रदेश महामंत्री गौरव रणदीवे और पूर्व संगठन मंत्री अंबाराम कराडा को नई जिम्मेदारी दी गई है। ये दोनों सदस्य चुनाव प्रचार में शामिल सभी मंत्रियों, विधायकों और बीजेपी पदाधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट बीजेपी हाईकमान को सौंपी जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर सभी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। जिम्मेदारी तय करने के फैसले से कयास लगाए जा रहे हैं कि जिम्मेदार नेताओं पर पार्टी एक्शन भी ले सकती है।



### नरोत्तम मिश्रा का बार-बार हो रहा जिक्र

**दरअसल,** दतिया में हार के कारणों की जब भी चर्चा होती है, बार बार पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम सामने आता है। दतिया में नरोत्तम मिश्रा काफी मजबूत नेता माने जाते हैं। वर्षों से उनका इस सीट पर दबदबा रहा है। इस बीच जब उन्हें टिकट न देकर पार्टी ने पहली बार चुनाव लड़ रहे आशुतोष मिश्रा को मैदान में उतारा तो नरोत्तम मिश्रा के समर्थकों में खासा नाराजगी दिखी। नरोत्तम खुद पार्टी के इस फैसले से भावुक हो गए थे। विशेषज्ञों का कहना है कि उनके समर्थकों की नाराजगी भी बीजेपी की हार का कारण हो सकती है।

### नया चेहरा लाने पर बीजेपी को हुआ नुकसान?

**दतिया सीट** पर उपचुनाव में 6 बार के विधायक नरोत्तम मिश्रा की जगह नए चेहरे को उम्मीदवार बनाने का बीजेपी का फैसला सफल नहीं रहा। कांग्रेस ने यह सीट बरकरार रखी। कांग्रेस उम्मीदवार घनश्याम सिंह ने सोमवार को बीजेपी के आशुतोष तिवारी को 6016 मतों से हराया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, बीजेपी की हार केवल एक विधानसभा सीट का नुकसान नहीं है बल्कि यह मध्य प्रदेश में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे के लिए भी बड़ा झटका है।



### आत्म मंथन का समयः यशोधरा राजे

**भोपाल।** दतिया उपचुनाव में बीजेपी की करारी हार के बाद अपने ही उठा रहे है सवाल, पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने सोशल मीडिया पर लिखा... आत्ममंथन का समय। इसके साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की बहू, पूर्व मंत्री राहुल सिंह की पत्नी उमिता सिंह ने भी लिखा... जब कार्यकर्ता की जगह अधिकारी बोलने लगे हमारी पहुंच ऊपर तक है तब तब परिणाम विपरीत ही आएंगे। सबसे बड़ी बात ये रही कि आज हार के लिए समीक्षा बैठक की गई जिसमें नरोत्तम मिश्रा नहीं पहुंचे थे।

## इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हुए शामिल




मुंबई। अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुंबई में ग्वालियर टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन के लिए आयोजित निवेशक गोलमेज सम्मेलन (इन्वेस्टर राउंड टेबल) में सहभागिता की।

इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मिलकर निवेशकों को ग्वालियर में बन रहे देश के पहले दूरसंचार विनिर्माण क्षेत्र (टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन) में निवेश के लिए आमंत्रित करना था।

### कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

**ग्वालियर टेलीकॉम जोन-** मध्य प्रदेश और भारत सरकार के सहयोग से ग्वालियर में देश का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया गया है।

**मुंबई रोडशो-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुंबई में उद्योग जगत के दिग्गजों और निवेशकों के सामने इस योजना की रूपरेखा रखी।



**व्यापार सुगमता-** मुख्यमंत्री ने निवेशकों को राज्य में बेहतरीन बुनियादी ढांचा, सुगम प्रशासनिक प्रक्रिया और अनुकूल नीतियों का भरोसा दिलाया।

### -बांकीपुर रिजल्ट-
## आरजेडी की ड्राइविंग सीट को लेकर सियासत तेज

**नई दिल्ली।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव का नतीजा केवल भाजपा की हार तक सीमित नहीं है, बल्कि महागठबंधन के भीतर भी हलचल पैदा कर गया है। राजद की करारी हार ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या बिहार में विपक्ष की राजनीति अब भी राजद के नेतृत्व में ही आगे बढ़ेगी। कांग्रेस की नाराजगी, वाम दलों की स्वतंत्र प्रतिक्रिया और जनसुराज के उभार ने बहस तेज कर दी है कि बिहार में विपक्ष की राजनीति की अगली दिशा और उसकी ड्राइविंग सीट किसके हाथ में होनी चाहिए। बिहार की मौजूदा स्थिति से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को अवगत करा दिया गया है।

## पाकिस्तान में तख्तापलट की आहट ? मुनीर-नकवी के पावर प्ले से उड़ी शहबाज-जरदारी की नींद

नई दिल्ली। एजेंसी

पाकिस्तान में सत्ता के स्तर पर कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। यहां दो फाड़ साफ नजर आ रहे हैं। गृहमंत्री लगातार अपने ही देश की सरकार के शासन व्यवस्था को निशाने पर ले रहे हैं। गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने अब एक और बयान दिया है, जो भ्रष्टाचार जैसे संगीन आरोप को उजागर करते हैं। यह बयान ऐसे वक्त आए हैं, जब उनके और प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बीच अनबन और मनमुटाव की खबरें हैं।

नकवी ने पाकिस्तान इतिहास के सबसे बड़े घोटाले का जिक्र किया है। उनका दावा है कि इसमें जजों से लेकर राजनेताओं तक, सरकारी तंत्र के कई अहम लोग शामिल थे। नकवी ने किसी तरह से नामों का खुलासा नहीं किया है। लेकिन उनके सनसनीखेज बयानों ने कई तरह की अटकलों को तेज कर दिया है।



नकवी ने फिर खोले शरीफ सरकार के गहरे राज

पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के करीबी माने जाने वाले नकवी ने जोर देकर कहा है कि जिम्मेदार हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नकवी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के इतिहास में कभी इतना बड़ा घोटाला हुआ है, जिसमें जज, नौकरशाह, राजनेता, और बैंकर सभी शामिल हों। नकवी ने कहा, '21 साल तक रिश्वत दी जाती रही। लोग उसे लेते रहे। हम जिम्मेदार हर व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।'


### क्या कहा एक्सपर्ट्स ने?

वहीं एक्सपर्ट्स का मानना है कि नकवी ने सेना का जिक्र नहीं किया है। इससे संकेत मिलता है, उनका बयान नागरिक प्रशासन के लिए था। पिछले कुछ हफ्तों में नकवी और शाहबाज शरीफ वाली सरकार के बीच मतभेद खुलकर सामने आए हैं। माना जाता रहा है कि नकवी पाकिस्तान के पीएम बनने की महत्वाकांक्षा रखते है। साथ ही वह पाकिस्तान आर्मी चीफ के करीबी रिश्तेदार भी हैं।

### पीपीपी की चुप्पी

इधर, पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी इस पूरे मामले पर चुप हैं। दोनों पाकिस्तान की सबसे बड़ी पार्टियां हैं। इन दोनों पार्टियों को पंजाब और सिंध प्रांत से अच्छा खासा समर्थन मिलता है।

### न्यूज कॉर्नर



### राम भक्तों को अपमानित कर रहा विपक्ष
## यूपी विधानसभा में भारी हंगामा

**लखनऊ।** (ए.) यूपी विधानसभा में मंगलवार समाजवादी पार्टी ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले को लेकर जमकर हंगामा किया। सदन शुरू होने के पहले समाजवादी पार्टी विधायकों ने विधानसभा के मेन गेट पर प्रदर्शन किया। ग्यारह बजे जब सदन शुरू हुआ तो सपा विधायक वेल में आ गए। विधानसभा में सपा विधायक लगातार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वेल में पहुंचने वाले विधायक सचिन यादव को स्पीकर ने पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया है।

सत्र की शुरुआत होते ही नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सदन की सारी कार्यवाही रोककर राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के मामले पर चर्चा कराने की मांग की। इसके बाद सपा के सदस्य विधानसभा अध्यक्ष के आसन के समक्ष पहुंचकर नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्य 'चंदा चोर कहां मिलेंगे-भाजपा के दफ्तर में' जैसे नारे लगा रहे थे।

## हवा में अटकी यात्रियों की साँसे... भयानक टर्बुलेंस से मची चीख-पुकार, कई घायल

नई दिल्ली। एजेंसी




फुकेत से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की एक फ्लाइट (AI2379) मंगलवार को हवा में अचानक चीख पुकार मच गयी। दरअसल, यह विमान गंभीर टर्बुलेंस का शिकार हो गई, जिससे विमान की ऊंचाई में अचानक आए उतार-चढ़ाव के कारण कई यात्री और क्रू मेंबर्स घायल हो गए।

एयरबस ए320 द्वारा संचालित इस फ्लाइट (AI2379) ने 134 यात्रियों के साथ सुबह करीब 11 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की। प्रभावित लोगों की मदद के लिए हवाई अड्डे पर तुरंत मेडिकल टीमें तैनात की गई। घायलों को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई गई।

सूत्रों के मुताबिक, करीब 10 यात्रियों और चालक दल (क्रू) के दो सदस्यों को एहतियात के तौर पर जांच के लिए हवाई अड्डे पर स्थित मेदांता मेडिकल सेंटर ले जाया गया। इस घटना की पुष्टि करते हुए एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि उड़ान के दौरान विमान को 'हवा में कुछ समय के लिए झटके (टर्बुलेंस) का सामना करना पड़ा, जिससे पल भर के लिए उसकी ऊंचाई बदल गई।' एयरलाइन ने कहा, 'विमान दिल्ली में सुरक्षित उतर गया और सभी यात्री तथा क्रू मेंबर्स सुरक्षित बाहर आ गए हैं। अभी तक किसी को गंभीर चोट आने की खबर नहीं है। मामूली रूप से घायल कुछ यात्रियों और क्रू मेंबर्स को जांच की जरूरत थी। उन्हें एहतियात के तौर पर एयर इंडिया की टीम और डॉक्टरों द्वारा हवाई अड्डे के मेडिकल सेंटर ले जाया गया।'

### टर्बुलेंस क्या होता है

हवा के बहाव में अचानक आने वाले उतार-चढ़ाव या गड़बड़ी को टर्बुलेंस कहते हैं। सरल शब्दों में, जैसे सड़क पर गड्ढे आने से गाड़ी हिलती है, वैसे ही आसमान में हवा के दबाव और तापमान में बदलाव, तेज हवाओं या बादलों के कारण विमान को तेज झटके लगते हैं।

### लश्कर के कमांडर का
## बड़ा कबूलनामा

**नई दिल्ली।** (ए.) प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक शीर्ष कमांडर ने बड़ा कबूलनामा किया है। उसने कबूला है कि पिछले 3 से 4 वर्षों में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में संगठन के 30 से अधिक आतंकवादी 'अज्ञात गनमैन' के हाथों मारे गए हैं। इन हत्याओं को मुख्य रूप से रावलकोट, रावलपिंडी, कराची, पेशावर और मुजफ्फराबाद जैसे इलाकों में अंजाम दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में लश्कर के शीर्ष कमांडर रिजवान हनीफ ने इन हत्याओं के लिए सीधे तौर पर भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार ठहराया है।



# पीके की हुंकार, सम्राट पर प्रहार

### प्रशांत मुख्यमंत्री पर बोल रहे हमला, तो सीएम सम्राट चौधरी उन्हें कह रहे- 'बधाई हो'

नई दिल्ली। एजेंसी



बिहार के बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जनसुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बड़ी जीत हासिल की है। बिहार में भाजपा का गढ़ कही जाने वाली बांकीपुर सीट पर प्रशांत किशोर ने भाजपा के उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को 19324 वोट से मात दी। चुनाव परिणाम को लेकर बोलते हुए प्रशांत किशोर ने सोमवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर जमकर हमला बोला। पीके ने कहा कि बिहार की जनता को सीएम सम्राट चौधरी का नेतृत्व पसंद नहीं है। तो वहीं, दूसरी ओर सम्राट चौधरी ने प्रशांत किशोर को सोशल मीडिया पर जीत की बधाई दी है।

क्या बोले सम्राट चौधरी?

प्रशांत किशोर को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल करने पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी बधाई दी है। सम्राट चौधरी ने कहा- 'लोकतंत्र के महापर्व में बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जनता ने जनसुराज को चुना है। मैं जनता के इस निर्णय का सम्मान करते हुए प्रशांत किशोर जी को उनकी जीत पर हार्दिक बधाई देता हूं।'

### भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व विचार करेः प्रशांत किशोर

जन सुराज पार्टी के संस्थापक और बांकीपुर से उम्मीदवार प्रशांत किशोर ने कहा- 'जो लोग चुनाव हार गए हैं उनको भी अपनी ओर से बधाई दे रहे हैं। लोकतंत्र है चुनाव में हार जीत लगी रहती है। लेकिन बांकीपुर का चुनाव विधायक बनाने का चुनाव नहीं था। ये चुनाव भाजपा-एनडीए सरकार और उसके नेतृत्व पर निर्णय लेने के लिए था। बांकीपुर की जनता ने मत दिया है कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को विचार करना चाहिए और बिहार के हित में बिहार में एक अच्छे व्यक्ति को बिहार की सौपनी चाहिए।'

HIGHLIGHTS NEWS
### हाईलाइट्स न्यूज



### अखिलेश यादव
#### सरकार है या वॉटर फिल्टर?

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में समाजवादी पार्टी के विधायक सचिन यादव के दो दिन के लिए निलंबन को लेकर सियासत तेज हो गई है।इस कार्रवाई के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की आजादी पर सवाल उठाए हैं।



### रवि किशन
#### मौन व्रत है ...

**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद रवि किशन इस समय सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में हैं।रवि किशन संसद परिसर के बाहर मीडिया के सामने नजर आते हैं। जैसे ही पत्रकार उनसे सवाल पूछने की कोशिश करते हैं, वह मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं।आज मौन व्रत आज हमारे को पंडित जी बोले हैं मौन रहिएगा। क्या करें? आज मौन व्रत है हमारा।आज शांत रहने दो हमको।



### सोनाक्षी सिन्हा
#### छात्र प्रदर्शन का समर्थन

**नई दिल्ली।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती में अनियमितताओं को लेकर छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। अब बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस प्रदर्शन का समर्थन किया है। अभिनेत्री ने लिखा, झारखंड के छात्रों पर सबकी निगाहें हैं। अपने देश के छात्रों को इस तरह की स्थिति से गुजरते देखना बेहद दुखद है। यह कब रुकेगा?

### कार्टून कॉर्नर




खास खबर **FSSAI ने शहद-घी समेत कई सामान बेचना बैन किया**

# डाबर के '100% शुद्ध' दावे वाले प्रोडक्ट पर रोक, 15 दिन में रिपोर्ट मांगी

नई दिल्ली। एजेंसी




डॉबर के कई प्रोडक्ट की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इनमें शहद और गाय का घी भी शामिल है। ये प्रोडक्ट 100% शुद्धता के दावे के साथ बेचे जा रहे थे। यह रोक खाने-पीने के सामानों के मानक तय करने वाली सरकारी संस्था एफएसएसएआई ने लगाई है।

फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) ने इन दावों को गुमराह करने वाला बताया है। इस पर डाबर से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। सोमवार 3 अगस्त को एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की जानकारी दी है।

एफएसएसएआई के अनुसार, कंपनी की वेबसाइट पर बेचे जा रहे खाद्य पदार्थों पर भ्रामक दावे पाए गए थे। इनमें '100% नेचुरल', '100% प्योर', '100% प्योरिटी गारंटेड', '100% ऑर्गेनिक' और '100% टेंडर कोकोनट वॉटर' जैसे लेबल शामिल थे।

एफएसएसएआई का कहना है कि '100 प्रतिशत' दावों का यह उपयोग एफएसएस विनियम, 2018 का उल्लंघन करता है। ये दावे अस्पष्ट, असत्यापित और उपभोक्ताओं को गुमराह करने वाले हैं।




### नियमों के अन्य बड़े उल्लंघन

**'जैविक भारत' लोगो**

डाबर हिमालयन ऑर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर और डाबर ऑर्गेनिक हनी पर बिना किसी वैध एफएसएसएआई ऑर्गेनिक एंडोर्समेंट के 'जैविक भारत' लोगो पाया गया।

**कंपाउंड फूड्स पर गलत दावा**

डाबर होममेड कोकोनट मिल्क को 100% प्योरिटी के दावे के साथ बेचा जा रहा था। एफएसएस नियम, 2018 के तहत कंपाउंड फूड्स (मिश्रित खाद्य पदार्थों) के लिए ऐसा दावा करने की अनुमति बिल्कुल नहीं है।

### पूर्व सीएम स्टालिन के बेटे
## उदयनिधि गिरफ्तार

नई दिल्ली। एजेंसी

फिल्म एक्टर तृषा कृष्णन को लेकर दिए विवादित कमेंट पर तमिलनाडु में नेता प्रतिपक्ष और डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन को गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय की सत्तारुढ़ पार्टी तमिलगा वेट्री कझगम ने तृषा के खिलाफ विपक्ष के नेता की टिप्पणी को लेकर पुलिस और राष्ट्रीय महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद डीएमके नेता उदयनिधि को हिरासत में ले लिया गया। हिरासत में लेने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं 61, 79, 192, 196, 296 (बी), 351(2), 352 और तमिलनाडु महिलाओं के उत्पीड़न निषेध अधिनियम की धारा 4 और आईटी अधिनियम की धारा 67 के तहत केस दर्ज किया गया है। उन्हें तंजावुर ईस्ट पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और अब उन्हें तंजावुर ले जाया जा रहा है।



ग्वालियर टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन, मुम्बई में प्राप्त हुये 1550 करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव

# मुम्बई में ग्वालियर टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन बना निवेशकों के लिये आकर्षण का केन्द्रः सीएम यादव

भोपाल।अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार ने मिलकर ग्वालियर में टेलीकॉम मैन्यूफैक्चरिंग जोन स्थापित किया है। गत ढाई वर्ष में राज्य सरकार की उद्योग अनुकूल नीतियों- नियमों के कारण मध्यप्रदेश में लगभग हर क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ है। यह क्रम निरंतर जारी है। पिछले ढाई वर्षों में राज्य सरकार ने उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिये अनेक निवेश अनुकूल और आकर्षक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों से मध्यप्रदेश को देश-विदेश के निवेशकों का अभूतपूर्व विश्वास प्राप्त हुआ है और बड़े पैमाने पर निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत का यह विश्वास प्रदेश की पारदर्शी नीतियों और सुशासन का सबसे बड़ा प्रमाण है। मध्यप्रदेश सभी सेक्टर्स में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। देश-दुनिया के निवेशकों का भरोसा हमारे साथ है। भारत और दुनिया की सबसे सस्ती बिजली मध्यप्रदेश में मिलती है। औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए कौशल युक्त श्रमिक मध्यप्रदेश में उपलब्ध हैं। अगर रोजगार आधारित उद्योग शुरू किये जाएं तो सरकार 5 से 10 वर्ष तक वेतन में भी सहयोग प्रदान करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मुम्बई में टेलीकॉम मैन्युफेक्चरिंग जोन, ग्वालियर में उद्योगपति और निवेशकों को आमंत्रित करने के लिये आयोजित राउंड टेबल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि %मेक इन एमपी% और %फेथ इन एमपी% के विश्वास पर पिछले दिनों दिल्ली में हुई पहली राउंड टेबल मीटिंग में 3 हजार 500 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले, जिसके फलस्वरूप 14 हजार लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह केंद्र और राज्य सरकार के साथ पहली इन्वेस्टर राउंड टेबल मिटिंग थी, जिसमें अभूतपूर्व सफलता मिली। मध्यप्रदेश सरकार ने देश के अलग-अलग शहरों में निवेश आकर्षित करने के लिए रोड-शो आयोजित किए हैं।




## वेलस्पन वर्ल्ड के चेयरमैन बी.के. गोयनका से भेंट

मुख्यमंत्री ने वेलस्पन वर्ल्ड के चेयरमैन बी.के. गोयनका से भेंट कर केन-बेतवा परियोजना से जुड़े विभिन्न आयामों एवं संभावित औद्योगिक अवसरों पर विचार-विमर्श किया। साथ ही यूमेडिका लेबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रतीक कोठारी के साथ बैठक में कंपनी द्वारा पीथमपुर एसईजेड में फार्मास्यूटिकल निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिये लगभग 350 से 500 करोड़ रूपये के प्रस्तावित निवेश पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने KRYFS Power Components Ltd. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सैफुद्दीन कुरैशी से भेंट कर कंपनी की निवेश एवं विस्तार योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान बताया गया कि कंपनी को सीहोर में भूमि आवंटित की जा चुकी है तथा कंपनी द्वारा वहां ट्रांसफॉर्मर कंपोनेंट्स निर्माण इकाई की स्थापना के लिये लगभग 1000 करोड़ रूपये के निवेश की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## भारत के दूरसंचार क्षेत्र और डिजिटलाइजेशन में आई क्रांति : सिंधिया

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 साल में भारत के दूरसंचार क्षेत्र और डिजिटलाइजेशन में नई क्रांति देखने को मिली है। पहले भारत 2 जी पर निर्भर रहता था, आज हमारा देश विश्व का दूसरा बड़ा टेलीकॉम आत्मनिर्भर देश बन चुका है। भारत में 5 जी सेक्टर में वर्तमान समय में 50 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भविष्य की जरूरतों के मुताबिक 130 साल पुराने टेलीकॉम एक्ट में परिवर्तन किए और देश को आधुनिक टेलीकॉम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए एक रोडमैप और रन-वे प्रदान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने %लोकल फॉर वोकल% को प्रमोट किया है। उनकी सोच है- मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड। उनके नेतृत्व में हम सभी विकसित भारत ञ्च 2047 के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत के विजन में टेलीकॉम सेक्टर एक सेंट्रल नर्वस सिस्टम (सीएनएस) की तरह है।

## देश का पहला समर्पित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन ग्वालियर : केन्द्रीय सचिव अग्रवाल

सचिव, केन्द्रीय दूरसंचार अमित अग्रवाल ने कहा कि मुंबई रोड-शो भारत के टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग मिशन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ग्वालियर का टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन देश का पहला समर्पित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग ज़ोन है। उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार की साझेदारी से प्रदेश में टेलीकॉम सेक्टर को नई दिशा मिल रही है। श्री अग्रवाल ने उद्योगों से ग्वालियर में निवेश कर भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बनने का आह्वान किया। उन्होंने विश्वस्तरीय टेस्टिंग एवं मैन्युफैक्चरिंग इको सिस्टम विकसित करने पर बल देते हुए कहा कि इससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को गति मिलेगी और वैश्विक सप्लाई चेन में भारत की भूमिका और अधिक मजबूत होगी।



› राज्यपाल पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उभरते ज्ञान क्षेत्र, उन्नत पाठ्यक्रम : दृष्टि, दिशा एवं कियान्वयन विषय पर प्रशासन अकादमी में कार्यशाला का किया शुभारंभ

# समय की मांग के अनुरूप युवा हो रहे हैं शिक्षित-प्रशिक्षितः सीएम डॉ. यादव

› राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो विचार, बौद्धिकता और कार्य व्यवहार से भारतीय हों › पाठ्यक्रमों को रोजगारोन्मुख, बहुविषयक तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम बनाना कार्यशाला का उद्देश्य

भोपाल।अजयभारत न्यूज



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से हमारे युवा नैतिक मूल्यों से जुड़ने के साथ-साथ समय की मांग के अनुरूप शिक्षित-प्रशिक्षित हो रहे हैं। शिक्षा नीति की यह पहल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ देश और राज्य को मजबूत बनाने में सहायक होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के बाद उसके विभिन्न आयामों को आगे बढ़ाने की दिशा में उच्च शिक्षा विभाग ने उत्कृष्ट कार्य किया है। इसके लिए विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ÷उभरते ज्ञान क्षेत्र, उन्नत पाठ्यक्रम ञ् दृष्टि, दिशा एवं क्रियान्वयन÷ विषय पर प्रशासन अकादमी में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रमों को वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप आधुनिक, रोजगारोन्मुख, बहुविषयक तथा प्रौद्योगिकी-सक्षम बनाना कार्यशाला का उद्देश्य है। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन सहित देश के प्रतिष्ठित शिक्षाविद, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ एवं विश्वविद्यालयों के कुलगुरु भी सहभागी हैं। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 मध्य प्रदेश में लागू की गई।

## आई.आई.टी. संस्थानों से हुए एम.ओ.यू.

राज्यपाल श्री पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में उच्च शिक्षा विभाग ने आईआईटी बॉम्बे के साथ डिजिटल कौशल एवं मुक्त स्रोत प्रौद्योगिकी के माध्यम से रोजगार क्षमता विकास, आईआईटी मद्रास के साथ भविष्य की प्रौद्योगिकियों और वैश्विक गुणवत्ता शिक्षा, आईआईटी गुवाहटी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित उच्च शिक्षा के लिए एम.ओ.यू किया। आईआईटी वाराणसी के साथ उन्नत तकनीकी शिक्षा एवं अनुसंधान उत्कृष्टता, आईआईटी रुड़की के साथ नेतृत्व, सतत् विकास एवं आपदा प्रबंधन में साझेदारी और आईआईटी खड़गपुर के साथ गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा व संस्थागत उत्कृष्टता की पहल के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एमओयू किए गए।

## राज्य सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाने में अग्रणी

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राज्य सरकार, राष्ट्रीय शिक्षा नीति और भारतीय ज्ञान परंपरा को अपनाने में अग्रणी है। राज्य में भारतीय ज्ञान परंपरा के लिए एक शीर्ष समिति गठित की गई है, पिछले ढाई साल से इस पर काम चल रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो विचार, बौद्धिकता और कार्य व्यवहार से भारतीय हों। इच्छाशक्ति के अभाव में पिछली दो शिक्षा नीतियों का पूर्णतः क्रियान्वयन नहीं हो सका। वर्तमान में समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, क्योंकि हम भारतीयता से दूर जा रहे हैं। आज मानसिक तनाव दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती है, जिसका समाधान सिर्फ योग में हैं। हमें प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीक दोनों के साथ आगे बढ़ना है। ज्ञान, चरित्र और कौशल से ही हमारी शिक्षा पूर्ण होती है। विकसित भारत ञ्च 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति का आधार शिक्षा ही है।

# श्रवण संस्कृति परमार्थ संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

श्रमण संस्कृति परमार्थ संस्थान के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, सचिव नेमीचन्द्र जैन ओर कोषाध्यक्ष नीतू जैन को दिलाई शपथ।



ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

श्रमण संस्कृति परमार्थ संस्थान ग्वालियर संस्था का शपथ ग्रहण एवं स्थापना दिवस होटल शगुन में मनाया गया। जिसमे नवीन अध्यक्ष वीरेंद्र जैन, सचिव नेमीचन्द्र जैन ओर कोषाध्यक्ष नीतू जैन सहित नवीन टीम को शपथ दिलाई गई। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमान नत्थीलाल जैन वरिष्ठ पत्रकार थे। वहीं विशिष्ट अतिथि मनोज जैन रायरू( संयुक्त अध्यक्ष अखिल भारतीय दिगंबर जैन वरैया महासभा), संस्थापक अध्यक्ष भरत जैन वैरागी तथा शपथ अधिकारी धर्मेंद्र जैन आगरा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्थापक अध्यक्ष पंडित भरत जैन विरागी ने संस्था के 11 वे स्थापना दिवस पर सभी अतिथियों और सदस्यों का हृदय से स्वागत करते हुए सभी का आभार ज्ञापित किया। मंच का संचालन करते हुए श्रीमती अनुपमा सुरतन् ने महावीर वंदना किया। वही पूनम जैसवाल एवं रिंकी जैन ने मंगलाचरण नृत्य किया।मंचासीन अतिथियों का सम्मान अशोक जैन, नेमीचंद जैन, गिरीश जैन, जसवंत जैन नीरज जैन, श्रीमती रेणु जैन, ऋतु जैन , संध्या, अलका, रेखा, नीतू,आदि ने किया। इसके बाद शपथ अधिकारी धर्मेंद्र जैन ने वीरेंद्र जैन सर्राफ को अध्यक्ष, नेमीचंद जैन महामंत्री एवं श्रीमती नीतू जैन को कोषाध्यक्ष की उनकी पूरी टीम के साथ संस्था के उद्देश्यों के हित में कार्य करने की शपथ दिलाई।निवर्तमान अध्यक्ष संतोष ने नवीन अध्यक्ष वीरेंद्र जैन को बेच लगाकर अपना उत्तर दायित्व सौंपा।

## कार्यों की खुले दिल से सराहना



निवर्तमान महामंत्री श्रीमती सुनयना ने पिछले साल में किए गये कार्यों की जानकारी सदन में दी। वही मुख्य अतिथि नत्थीलाल जैन ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की खुले दिल से सराहना की। मुनि सेवा ओर समाजहित के कार्य निरंतर चलते रहे उसके लिए खुले मन से सहयोग की घोषणा की।अंत में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने संस्था के संस्थापक अध्यक्ष पंडित भरत जैन विरागी जी को उनके जन्मदिन पर बधाई दी। महामंत्री नेमीचंद ने सभी का आभार व्यक्त कर उपस्थित सभी महानुभावों को भोजन के लिए आमंत्रित किया ।

# पार्टी के भीतरघात ने हराया चुनाव

दतिया उपचुनाव में हार के बाद पूर्व मंत्री इमरती देवी का बड़ा बयान

ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

दतिया विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी की हार के बाद पार्टी के भीतर मंथन का दौर जारी है। इसी बीच भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री इमरती देवी ने चुनाव परिणाम को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा चुनाव जीत रही थी लेकिन पार्टी के ही कुछ लोगों के भीतरघात के कारण हार का सामना करना पड़ा। इमरती देवी ने कहा- हम चुनाव अच्छे तरीके से जीत रहे थे लेकिन हमारी ही पार्टी के कुछ लोगों ने भीतरघात कर चुनाव हरवा दिया। ऐसे लोगों से पार्टी को सावधान रहने की जरूरत है। पूर्व मंत्री के इस बयान के बाद भाजपा की अंदरूनी राजनीति और संगठनात्मक स्थिति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। बता दें कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस ने भाजपा को हराकर सीट अपने नाम की है। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार किया था। इसके बावजूद पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणाम के बाद भाजपा संगठन हार के कारणों की समीक्षा की बात कह रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि स्थानीय स्तर पर गुटबाजी, संगठनात्मक असंतोष, कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता, टिकट वितरण के बाद असहमति तथा चुनावी समन्वय की कमी जैसे कारण भाजपा के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकते हैं। हालांकि इन कारणों की आधिकारिक पुष्टि पार्टी की ओर से नहीं की गई है।



## ऐसे लोगों की पहचान जरूरी है...

इमरती देवी ने अपने बयान में किसी नेता या कार्यकर्ता का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि पार्टी के भीतर ऐसे लोगों की पहचान जरूरी है, जिन्होंने चुनाव के दौरान संगठन के हितों के विपरीत काम किया। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते ऐसे तत्वों पर कार्रवाई नहीं की गई तो भविष्य में भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है।पूर्व मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब दतिया उपचुनाव में हार के बाद भाजपा संगठन आत्ममंथन में जुटा हुआ है। अब सबकी नजर इस बात पर है कि पार्टी नेतृत्व भीतरघात के आरोपों पर क्या रुख अपनाता है और समीक्षा के बाद संगठनात्मक स्तर पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 10 वार्ड क्रं 23, स्थान श्री नगर कॉलोनी,गली नं 02, नदी पार टाल मुरार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **रामश्री बाई/लक्ष्मीनारायण** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000261959** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **400 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-04122501764047 दिनांक 04.12.2025** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र सैनिक पैट्रोल पंप, **क्षे.क्र 10**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 67/2010/65658/65708** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**ममता/जगन्नाथ,धर्मेन्द्र सिंह, राजेश/मेघराम सिंह**
**पता-श्री नगर कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 18 वार्ड क 49, स्थान हारकोटा सीर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **महेश राय/स्व. लक्ष्मीनारायण राय** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000303437** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 1000 **वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं एमपी142602022ए1392535 दिनांक 12.04.2022** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी **क्षे.क्र 18**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 83/2010/19026/41322** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**अरूणा सूरी/सुदर्शन सूरी**
पता-हारकोटासीर ग्वा0(म.प्र.),मो0-8299804915
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 12 वार्ड क 45, भवन क्रं 2803, स्थान हकीम का बाडा लोहिया बाजार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **लक्ष्मण गुप्ता/विनोद गुप्ता, प्रभा देवी, शोभा, शशि,रीना,पवन/रमेश** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000199738** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **136 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड पंजीयन क्रं आर-03072500953760 दिनांक 05.07.2025 विभाजन** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रोशनी घर **क्षे.क्र 12**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**विनोद गुप्ता/रमेश बाबू गुप्ता**
पता-हकीम का बाडा लोहिया बाजार ग्वा0(म.प्र.)
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 12 वार्ड क 45,स्थान दाल बाजार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **बालकृष्ण जोशी/ बंशीधर जोशी** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000303573** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **107 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड पंजीयन क्रं आर-18022600282517 दिनांक 20.02.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र रोशनी घर **क्षे.क्र 12**, पर दिनांक को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**मनोज गुप्ता/स्व. रमेश चन्द्र**
**पता-दाल बाजार ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 21 वार्ड क 52, भवन क्रं 2799, स्थान एकता बिहार कॉलोनी ग्वा0** मे स्थित है जो कि **गुड्डी देवी/शिव सिंह सिकरवार** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000239039** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **784 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-08102501469343 दिनांक 08.10.2025** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र आमखो **क्षे.क्र 21**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** PT80891 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**भारती चौरसिया/प्रेम नारायण चौरसिया**
**पता-एकता बिहार कॉलोनी ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 18 वार्ड क 40,स्थान अशोक कॉलोनी खासगी बाजार ग्वा0** मे स्थित है जो कि **कमला सक्सैना/मोहन बिहारी लाल सक्सैना** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 1000297405** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **870 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र /मृत्युउपरान्त** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी **क्षे.क्र 18**, पर दिनांक 03.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं 83/2010/19024/41320** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**गोविन्द बिहारी,सुमन,साधना,विवेक/ स्व. मोहन बिहारी लाल सक्सैना**
पता-अशोक कॉलोनी खासगी बाजार ग्वा0(म.प्र.)
मो0-9329235932
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना भवन स्वामी द्वारा जारी

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 18 वार्ड क 49, स्थान जी.डी इन्कलेव हारकोटा सीर ग्वा0** मे स्थित है जो कि **दिनेश कुमार चुंगलानी/आयल दास चुंगलानी** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000303440** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **1101 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं आर-17052500592159 दिनांक 17.05.2025** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र गोरखी पानी की टंकी **क्षे.क्र 18**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** 83/2010/19027/41323 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**धीरज चावला/रमेशचंद , नुपुर चावला/धीरज चावला**
पता-जी.डी इन्कलेव ग्वा0(म.प्र.),मो0-8987312311
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 14 वार्ड क्रं 60, स्थान क्यू-266, सत्यम होम्स फेस-2 ग्वा0** मे स्थित है जो कि **कृष्ण कुमार जांगिड/राजेन्द्र कुमार** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000018911** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **900 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं ए100575863 दिनांक 15.05.2026** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर, **क्षे.क्र 14**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**शैवी पटेरिया/नन्द किशोर पटेरिया**
**पता-सत्यम होम्स फेस-2 ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

### नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति **क्षेत्र क्र 14 वार्ड क्रं 60, स्थान बी-1005 द पाम रेजीडेंसी ग्वा0** मे स्थित है जो कि **मनीष शिवहरे/अरविंद शिवहरे** नाम से नगर निगम मे **आई डी क्रं 9000305687** पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल **806 वर्गफुट** है। उक्त संपत्ति को **रजिस्ट्रर्ड विक्रय पत्र क्रं ए101080267 दिनांक 27.11.2025** द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र कैलाश नगर, **क्षे.क्र 14**, पर दिनांक 04.08.2026 को किया गया है। जिसका **आवेदन कार्य क्रं** प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

आवेदक का नाम व पता-
**ब्रजगोपाल यादव/हरवीर सिंह यादव**
**पता-द पाम रेजीडेंसी ग्वा0(म.प्र.)**
विज्ञप्ति जारी दिनांक-04.08.2026

किला तलहटी में दहाड़ती मुद्रा में खड़े हैं वनराज तो शरारती मुद्रा में अन्य वन्य जीव

# कचरे के ढेर से वंडरलैंड तक... ग्वालियर सफारी की अनूठी कहानी




ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग की तलहटी में दहाड़ती मुद्रा में खड़े वनराज शेर तो बड़े-बड़े दांतों के साथ जबड़ा खोले डायनासोर व लपकता सा मगरमच्छ । धीर गंभीर कछुआ तो शरारती मुद्रा में भालू व चिंपांजी। चलने को तैयार रेगिस्तान के जहाज यानि ऊँट व मदमस्त विशालकाय गजराज। शांत मुद्रा में पैंगुइन परिवार की मस्ती तो सतरंगी पंख फैलाकर मनभावन नृत्य करता राष्ट्रीय पक्षी मोर। यह किसी हॉलीवुड या बॉलीवुड फिल्म का दृश्य नहीं, ग्वालियर नगर निगम का अभिनव नवाचार ग्वालियर सफारी ङ्क वेस्ट टू वंडर है। जिसने कबाड़ को कल्पना, कला और पर्यावरण संरक्षण के अद्भुत संगम में बदल दिया है। इस अनूठी आर्टिफिशियल स्क्रैप जंगल सफारी में दुर्लभ और विलुप्त हो चुके जीव-जंतु कबाड़ से जीवंत होकर खड़े हैं और हर आने वाले को हैरान कर देते हैं। ग्वालियर किले की तलहटी में सफारी के रूप में हुए प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप किए गए इस सफल नवाचार की सफलता की गवाही, पहले-बाद की तस्वीरें खुद देती हैं। जहां कभी मलबे के ढेर, अस्त-व्यस्त झौंपड़ियां और उजाड़ जमीन नजर आती थी, वहां अब हरे-भरे घुमावदार रास्ते, शाम ढलते ही रोशनी से जगमगाती फिजा और सैलानियों की रौनक दिखाई देती है। आज यह जगह ग्वालियर की शान बन चुकी है। नाम है ग्वालियर सफारी - वेस्ट टू वंडर।



### किले के साये में कबाड़ से कला तक का सफर

नगर निगम के कबाड़ खाने में वर्षों से बेकार पड़े लगभग 150 टन से अधिक स्क्रैब लोहे को नया जीवन देकर किला तलहटी में 2.5 एकड़ में यह सफारी तैयार की गई है। कलाकारों ने कबाड़ से ऐसे विशालकाय वन्य जीवों के शिल्प गढ़े हैं, जिन्हें देखकर पहली नजर में विश्वास ही नहीं होता है कि ये लोहे के बेकार टुकड़ों से बने हैं। इस सफारी में सबसे बड़ी खासियत है वन्य जीवों की 14 विशाल स्कल्पचर (मूर्तियां) । हर मूर्ति इतनी बारीकी से गढ़ी गई है कि दूर से देखने पर असली जानवर होने का भ्रम होता है। सर्कुलर इकॉनमी की इस जीती-जागती मिसाल ने कचरे को चमत्कार में बदल दिया है।

### जहां पत्थर भी हरे हो गए



सिर्फ मूर्तियां ही नहीं, इस जमीन की मिट्टी भी बदल गई है। सफारी परिसर में 600 से अधिक स्थानीय प्रजाति के पेड़ रोपे गए हैं। साथ ही जंगल जैसा आभास कराने के लिये करीब 3,000 झाड़ियां-पौधे भी लगाए गए हैं। सफारी की दीवारों पर लहराती बोगनवेलिया ने इस जगह में अलग ही रंग भर दिए हैं तो लैंडस्केप आर्किटेक्ट्स की सूझबूझ ने हर मोड़ को कुछ इस तरह गढ़ा है कि यहां घूमते हुए किसी असली सफारी में होने का एहसास होता है। हरियाली और स्क्रैप कला का यह संगम आगुंतकों को प्रकृति के और करीब ले जाता है।

### आकर्षण भी, आने वाली पीढ़ी की जागरूकता भी और आमदनी भी

सफारी में स्थापित शेर, हाथी, गेंडा, जिराफ, डायनासोर एवं अन्य दुर्लभ वन्य जीवों के विशाल स्कल्पचर इतनी बारीकी और वास्तविकता के साथ बनाए गए हैं कि हर आगुंतक छिटककर उन्हें अपने कैमरे में कैद करना चाहता है। यह स्थान अब केवल घूमने की जगह भर नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण और री-साइकलिंग का जीवंत संदेश देने वाला फ्रईको-कल्चर डेस्टीनेशनफ्र बन चुका है। अब तक इस सफारी ने सिर्फ प्रवेश टिकटों के जरिए नगर निगम के खजाने में करीब 10 लाख रुपये जमा किए हैं।

जनसुनवाई

# जीडीए उपाध्यक्ष गुप्ता ने सुनी समस्यायें



ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

ग्वालियर विकास प्राधिकरण कार्यालय में उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता ने मंगलवार को जनसुनवाई में हितग्राहियों की समस्याओं को सुना। जनसुनवाई में आये 14 प्रकरणों में से छह का निराकरण तत्काल किया गया। वहीं विकास प्राधिकरण के बीस कर्मचारियों को समयमान वेतन देने के लिए अकाउंट ऑफिसर को कमेटी बनाकर प्रकरण का निराकरण के निर्देश दिए। चार प्रकरण में नामांकन किया गया बाकी प्रकरणों में समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके प्रभावी एवं संतोषजनक निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गये। जनसुनवाई में ग्वालियर विकास प्राधिकरण के सुपरीटेंडेंट इंजीनियर डीडी मिश्रा, संपदा अधिकारी बृजेश शर्मा, ईई सुनील शुक्ला, अकाउंट ऑफिसर, तकनीक शाखा प्रभारी, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, ऑफिस सुपरीटेंडेंट, प्रभारी भूखंड, संदीप तिवारी, मनोज माथुर, अशोक इंग्ले सहित सेक्शन के विभाग प्रमुख एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### कलेक्ट्रेट : 130 आमजनों की समस्याओं की हुई सुनवाई



ग्वालियर।लेक्ट्रेट में मंगलवार को हुई जन-सुनवाई में 130 आमजनों की समस्यायें सुनी गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, एडीएम सी बी प्रसाद व अपर कलेक्टर अनिल बनवारिया सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एक ङ्क एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली, पुलिस इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम व तहसीलदारों को दिए गए हैं। नगर निगम क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं से संबंधित समस्याओं को तत्परता से निराकृत करने की हिदायत भी नगर निगम के अधिकारियों को दी। जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निन्शुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया गया।जन-सुनवाई में कुल 130 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 72 आवेदन दर्ज किए गए। साथ ही शेष 58 आवेदन विभागीय अधिकारियों को समय-सीमा में निराकृत करने के लिये आवश्यक टीप के साथ दिए गए।

### अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त प्रदीप सिंह तोमर एवं मुनीष सिकरवार ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में निम्बाजी की खोह जीवाजी गंज लष्कर निवासी श्री पियूष पोहेकर ने महाराज बाडा नजरबाग मार्केट पर रखी अवैध गुमटी को हटवाये जाने के संबंध में, वार्ड 3 जगनापुरा निवासी श्री गोपाल कुशवाहा ने जगनापुरा में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्यवाही के संबंध में, 20 सूत्रीय नगर जनकताल बहोडापुर निवासी श्री जयराम पाल ने डेयरी से आने वाले गंदे पानी और गोबर से क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी हो रही है आवेदक ने उचित कार्यवाही के संबंध सहित अन्य आवेदकों ने अपने आवेदन अपर आयुक्त को दिए।

## लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन द्वारा किया गया रुद्राभिषेक एवं अन्नपूर्णा सेवा

### सेवा को सर्वोपरि मानते हुए अन्नपूर्णा सेवा का आयोजन किया गया

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज





सावन माह के प्रथम सोमवार, 3 अगस्त को लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन इंटरनेशनल 2026-27 द्वारा गायत्री मंदिर में भगवान शिव का भव्य रुद्राभिषेक एवं पूजन-अर्चन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ भाग लेकर भगवान शिव से सभी के सुख, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। रुद्राभिषेक के उपरांत दोपहर लगभग 12 बजे जयारोग्य चिकित्सालय (जे.ए.एच.) परिसर में जरूरतमंद एवं गरीबजनों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा कार्य के अंतर्गत लगभग 200 से अधिक लोगों को भोजन वितरित किया गया। भोजन प्राप्त कर लाभार्थियों ने क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन नीतू अग्रवाल, क्लब मेंटोर लायन राका पाठक, आर.सी. लायन नीरज जैन एवंआई पीपी लायन पूनम अग्रवाल मार्गदर्शन में यह घोषणा की गई कि अन्नपूर्णा सेवा का यह सेवा प्रकल्प पूरे वर्ष नियमित रूप से संचालित किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से जरूरतमंदों तक भोजन एवं सेवा पहुँचाने का सतत प्रयास किया जाएगा। अन्नपूर्णा सेवा प्रकल्प वर्षभर की संयोजक मंडल लायन निधि बंसल लायन शारदा गोयल लायन सुमित्रा अग्रवाल यह रहे मौजूद की अध्यक्ष लायन नीतू अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में लायन लता उपाध्याय (सचिव), लायन स्वाति अग्रवाल (कोषाध्यक्ष), लायन ज्योति बंसल (संयुक्त सचिव), लायन दीपिका मित्तल (संयुक्त कोषाध्यक्ष), लायन पिंकी बंसल, लायन साधना गुप्ता, लायन समता जैन, लायन अन्नू अग्रवाल, लायन मधु अग्रवाल, लायन कामिनी गोयल, लायन पूजा अग्रवाल, लायन साधना अग्रवाल, लायन उषा गुप्ता, लायन ममता अग्रवाल, लायन निधि बंसल, लायन शारदा गोयल, लायन शशि प्रभा, लायन गायत्री गर्ग, लायन सुमित्रा अग्रवाल, लायन अनुपमा गोयल सहित क्लब की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

## वी प्रीपेड यूज़र्स लाया स्पॉटीफाय प्रीमियम

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

भारत की डिजिटल-फर्स्ट जैन ज़ी के लिए डिज़ाइन किए गए पैक एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और अनलिमिटेड कनेक्टिविटी के फायदे देते हैं।जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज तीन नए प्रीपेड रीचार्ज प्लान्स की घोषणा की है, जिसके साथ यूज़र बिना किसी अतिरिक्त लागत के स्पॉटीफाय प्रीमियम का लाभ उठा सकते हैं, ये प्लान एक ही रीचार्ज पर प्रीमियम म्युज़िक, एंटरटेनमेन्ट और डेटा के बेहतर फायदे- सभी एक साथ देते हैं। ऐसे में ये म्युज़िक के साथ आने वाले सबसे किफ़ायती प्रीपेड प्लान्स हैं। आज के दौर में, खासतौर पर युवा उपभोक्ताओं के लिए म्युज़िक, डिजिटल जुड़ाव का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए अपने प्रीपेड पोर्टफोलियो में स्पॉटीफाय प्रीमियम को शामिल कर वी ने प्रीमियम म्युज़िक स्ट्रीमिंग को और अधिक सुलभ बना दिया है, अब वी के यूज़र इसके मुख्य रीचार्ज प्लान्स के साथ बिना किसी रूकावट ऐड-फ्री म्युज़िक, ऑफलाईन डाउनलोड्स और ऑडियो की शानदार गुणवत्ता का आनंद उठा सकते हैं।ज़्यादा एंटरटेनमेन्ट और ज़्यादा डेटा का इस्तेमाल करने वाले यूज़र्स के लिए डिज़ाइन किए गए रु 435 के वी नॉन-स्टॉप हीरो प्रीपेड प्लान के साथ अब स्पॉटीफाय प्रीमियम भी मिलता है, जिसके लिए कोई अतिरिक्त कीमत नहीं चुकानी पड़ती, साथ ही अनलिमिटेड डेटा, अनलिमिटेड 4त्र/5त्र कॉल्स, रोज़ाना 100 एसएमएस, जियोस्टार (मोबाइल) और 28 दिनों की वैलिडिटी तो है ही।

ब्यूटी इंडस्ट्री पर चर्चा ...सवाल ....सुझाव

## ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन एवं कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन का भव्य संयुक्त सम्मान समारोह, मंथन



ग्वालियर। अजयभारत न्यूज

ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन एवं कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन द्वारा एक भव्य संयुक्त सम्मान समारोह, मंथन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के प्रमुख ब्यूटी पार्लर संचालकों, कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूटर्स, ब्यूटी एकेडमियों, स्टूडेंट्स तथा ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े सैकड़ों सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ब्यूटी इंडस्ट्री को एक साझा मंच प्रदान करना, पार्लर संचालकों, डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं विद्यार्थियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा उद्योग से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर खुली चर्चा करना था। कार्यक्रम का सबसे बड़ा आकर्षण ÷मंथन÷ रहा। पहले सत्र में विभिन्न ब्यूटी एकेडमियों एवं विद्यार्थियों के बीच संवाद आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने ब्यूटी एजुकेशन, करियर, आधुनिक तकनीकों, प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं रोजगार के अवसरों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे। विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों के विस्तृत एवं व्यावहारिक उत्तर देकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया।

### द्वितीय सत्र

दूसरे मंथन सत्र में कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूटर्स एवं ब्यूटीशियन बहनों के बीच खुला संवाद हुआ। इस दौरान असली एवं नकली उत्पादों की पहचान, विभिन्न कंपनियों के अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर्स, उत्पादों की गुणवत्ता, उचित मूल्य, ग्राहक सुरक्षा, नई तकनीकों, प्रशिक्षण, मार्केट की चुनौतियों तथा ब्यूटी इंडस्ट्री के भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई। प्रश्न-उत्तर के इस सत्र ने सभी प्रतिभागियों को नई जानकारी एवं सकारात्मक दिशा प्रदान की।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस

इस दौरान संगठन की गतिविधियों, भविष्य की योजनाओं, ब्यूटी इंडस्ट्री के विकास तथा समाज में ब्यूटीशियन एवं कॉस्मेटिक डिस्ट्रीब्यूटर्स की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सभी प्रश्नों के उत्तर संगठन के पदाधिकारियों द्वारा दिए गए।संगठन की ओर से मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि पत्रकारिता समाज और उद्योग के बीच एक सशक्त सेतु है तथा ब्यूटी इंडस्ट्री की सकारात्मक गतिविधियों को जन-जन तक पहुँचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है।इस अवसर पर डायरेक्टर नीरज जैन ने कहा कि ब्यूटी पार्लर एसोसिएशन का उद्देश्य केवल संगठन बनाना नहीं, बल्कि ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति–ब्यूटीशियन, डिस्ट्रीब्यूटर, एकेडमी, स्टूडेंट एवं मीडिया–को एक मंच पर लाकर ज्ञान, विश्वास और सहयोग का मजबूत नेटवर्क तैयार करना है।

खास खबर | किशोर कुमार की जयंती

# ग्वालियर व्यापार मेले में गूंजे सदाबहार नगमे

## सुरों से दी भावभीनी श्रद्धांजलि

ग्वालियर। अजयभारत न्यूज




स्वर सम्राट किशोर कुमार की जयंती पर मंगलवार को ग्वालियर व्यापार मेला परिसर में सुरों और स्मृतियों की महफिल सजी। अंश खेल शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति की ओर से आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के अमर गीतों की प्रस्तुतियां देकर संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान जैसे ही गीत ÷जिंदगी के सफर में गुजर जाते हैं जो मुकाम...÷ की प्रस्तुति हुई, पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। मौजूद लोगों ने अपने प्रिय गायक को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष अशोक जादौन ने कहा कि किशोर कुमार सिर्फ एक गायक नहीं, बल्कि भारतीय संगीत की अमूल्य धरोहर हैं। उनकी आवाज का जादू आज भी हर उम्र के लोगों के दिलों में कायम है।

**माहौल को संगीतमयः** विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह तोमर और वरिष्ठ नेता सुघर सिंह पवैया ने कहा कि किशोर कुमार के गीत समय और पीढ़ियों की सीमाओं से परे हैं। उनकी संगीत विरासत हमेशा लोगों को प्रेरणा देती रहेगी। कार्यक्रम की शुरुआत किशोर कुमार के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। समिति के सचिव एडवोकेट पीयूष मंगलानी, सह सचिव विपिन केसवानी सहित पदाधिकारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कलाकारों ने देर शाम तक किशोर कुमार के लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियों से माहौल को संगीतमय बनाए रखा।

### पर्यावरण संरक्षण का भी दिया संदेश

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी पहल की गई। नागरिकों को नि:शुल्क पौधों का वितरण कर हरियाली बढ़ाने का संदेश दिया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## आज का विचार



जीवन में सफलता अचानक नहीं मिलती, उसके लिए तैयारी करनी पड़ती है। पीली बत्ती हमें सिखाती है कि गति पकड़ने से पहले अपने आसपास की परिस्थितियों का मूल्यांकन करना कितना जरूरी है।

■ डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम



जब रास्ता साफ हो, तो पूरी ऊर्जा के साथ आगे बढ़ो। हरी बत्ती निरंतर आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाने का प्रतीक है, लेकिन नियमों के दायरे में रहकर।

■ सुभाष चंद्र बोस

## सम्पादकीय

# पीके की 'नवीन' शुरुआत...

**प्रशांत किशोर ने बिहार के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में शानदार जीत दर्ज कर अपनी चुनावी राजनीति की एक 'नवीन' और ऐतिहासिक शुरुआत की है। पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार और 'जन सुराज पार्टी' के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भाजपा के इस मजबूत गढ़ में सेंध लगाकर अपनी पहली चुनावी जीत हासिल की है। पीके पास हो गए... बिहार की बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर प्रशांत किशोर ने यह साबित कर दिया कि वे सिर्फ चुनावी रणनीतिकार ही नहीं, बल्कि जनता का भरोसा जीतकर खुद चुनाव भी जीत सकते हैं। उनकी यह जीत कई मायनों में बेहद अहम मानी जा रही है। सबसे बड़ी वजह यह है कि बांकीपुर सीट पिछले करीब तीन दशकों से भारतीय जनता पार्टी का मजबूत गढ़ रही है। यह वही सीट है, जहां से बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष नितिन नवीन लगातार चुनाव जीतते रहे थे।**

नितिन नवीन के राज्यसभा जाने के बाद यह सीट खाली हुई और उपचुनाव कराया गया। ऐसे में इस चुनाव को बीजेपी की प्रतिष्ठा से जोड़कर देखा जा रहा था। इसके अलावा, सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह पहला बड़ा चुनाव था, जिसमें बीजेपी को हार का सामना करना पड़ा। यही कारण है कि इस जीत ने बिहार की राजनीति में नई चर्चा छेड़ दी है। मतगणना शुरू होने के साथ ही शुरुआती रुझानों में प्रशांत किशोर बढ़त बनाते नजर आए और 32 राउंड तक चली गिनती में उन्होंने लगभग हर चरण में अपनी बढ़त बरकरार रखी। जैसे-जैसे मतगणना आगे बढ़ी, बीजेपी और जन सुराज पार्टी के बीच जीत का अंतर भी बढ़ता गया।शुरुआत में बीजेपी कार्यकर्ताओं का आत्मविश्वास इतना अधिक था कि मतगणना शुरू होने से पहले ही जीत का जश्न मनाने के लिए लड्डू तैयार कर लिए गए थे। हालांकि, कुछ ही राउंड के बाद तस्वीर पूरी तरह बदल गई। जन सुराज के कार्यकर्ता जश्न मनाते नजर आए, जबकि बीजेपी खेमे में सन्नाटा पसर गया। इस जीत को कई राजनीतिक विश्लेषक जन सुराज के अभियान, स्थानीय मुद्दों और मौजूदा राज्य सरकार के कामकाज पर जनता की प्रतिक्रिया से भी जोड़कर देख रहे हैं। प्रशांत किशोर के लिए यह सिर्फ एक सीट की जीत नहीं, बल्कि उनके राजनीतिक जीवन का पहला चुनावी जनादेश है। देश के कई बड़े नेताओं के लिए चुनावी रणनीति तैयार कर चुके प्रशांत किशोर को लंबे समय तक एक सफल चुनावी रणनीतिकार के रूप में जाना जाता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी तक कई बड़े नेताओं के चुनावी अभियानों में उनकी भूमिका चर्चा का विषय रही है। लेकिन जब उन्होंने सक्रिय राजनीति में कदम रखा, तब सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या जो व्यक्ति दूसरों को चुनाव जिताने की रणनीति बनाता है, वह खुद जनता का भरोसा जीत पाएगा? बांकीपुर की जीत ने फिलहाल इस सवाल का जवाब उनके पक्ष में दे दिया है। प्रशांत किशोर ने वर्ष 2024 में जन सुराज पार्टी का गठन किया था। इसके बाद 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में उन्होंने पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ा, लेकिन पार्टी को एक भी सीट नहीं मिली। उस हार के बाद विपक्षी दलों और राजनीतिक विश्लेषकों ने सवाल उठाए थे कि क्या प्रशांत किशोर की रणनीति केवल सलाह देने तक सीमित है और क्या वह खुद चुनावी राजनीति में सफल हो पाएंगे? हालांकि, बांकीपुर उपचुनाव की जीत ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया है। अब प्रशांत किशोर केवल चुनावी रणनीतिकार नहीं, बल्कि जनता से सीधे जनादेश प्राप्त करने वाले नेता भी बन गए हैं। बांकीपुर सीट बीजेपी के लिए हमेशा से प्रतिष्ठा का विषय रही है। यही वजह थी कि पार्टी को भरोसा था कि यह सीट उसके पास ही बनी रहेगी।लेकिन इस चुनाव में राजनीतिक परिस्थितियां धीरे-धीरे बदलती चली गईं। प्रशांत किशोर ने चुनाव प्रचार के दौरान लगातार यह संदेश देने की कोशिश की कि यह चुनाव केवल एक विधानसभा सीट का नहीं, बल्कि बिहार में नई राजनीति की शुरुआत का चुनाव है। उन्होंने अपने भाषणों में राज्य सरकार और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी लगातार निशाना साधा और दावा किया कि यदि बांकीपुर में बीजेपी हारती है, तो उसका संदेश पूरे बिहार में जाएगा। चुनाव परिणाम आने के बाद उनकी यह रणनीति सफल होती दिखाई दी और बांकीपुर का उपचुनाव राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक चर्चा वाले चुनावों में शामिल हो गया।

## आज का चिंतन

### तुम्हारी समस्या बड़ी है तो...

नतीजा यह हुआ कि हर कोई बोलने लगा। कोलाहल मच गया। फकीर ने सभी को चुप होने के लिए कहा। सभी लोग चुप हो गये तब फकीर ने कहा, मैं सबकी समस्या दूर कर दूंगा। आप सब लोग एक-एक कागज पर अपनी समस्या लिखकर लाएं और मुझे दे दें। कुछ ही देर में कागजों का ढेर लग गया। फकीर ने कागजों को एक टोकरी में रखा और उसे सबके बीच में रख दिया।



एक आदमी की तरफ इशारा करके फकीर मे कहा, यहां से शुरू करके सब बारी-बारी से आएंगे और एक-एक कागज उठा लें। ध्यान रहे किसी को अपना कागज नहीं उठाना है। लोग एक-एक कर आए कागज उठा-उठा कर अपनी-अपनी जगह बैठ गए। फकीर ने कहा, अब इस कागज में लिखी किसी दूसरे की समस्या पढ़ो। अगर चाहो तो मैं तुम्हारी समस्या दूर कर दूंगा पर उसके बदले कागज पर लिखी समस्या तुम्हारी हो जाएगी। तुम्हें लगता है कि तुम्हारी समस्या बड़ी है तो उसे दूर करवाकर कागज पर लिखी दूसरे की छोटी-सी समस्या अपना लो। चाहो तो आपस में कागज बदल लो।

## माय ओपीनियन

■ - विश्वास सारंग



# GenZ ने कॉमनवेल्थ गेम्स में बढ़ाया देश का गौरव

जब युवा संकल्प लेते हैं तो इतिहास बनता है। जब तिरंगा सबसे ऊँचा लहराता है, तो पूरा राष्ट्र गर्व से भर उठता है। भारत का जेन - जी अब केवल संभावनाओं का प्रतीक नहीं बल्कि उपलब्धियों का पर्याय बन चुका है।

ग्लासगो (स्कॉटलैंड) में 23 जुलाई से 2 अगस्त 2026 तक आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स-2026 भारत के लिए केवल पदकों का महोत्सव नहीं बल्कि नई पीढ़ी के आत्मविश्वास, अनुशासन और वैश्विक खेल नेतृत्व का प्रतीक बनकर सामने आया है। 122 भारतीय खिलाड़ियों ने आठ सामान्य खेलों और पाँच पैरा-स्पोर्ट्स में भाग लेते हुए 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य सहित कुल 39 पदक जीतकर विश्व पटल पर सम्पूर्ण भारतवर्ष का मान बढ़ाया है। तो वहीं भारत के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में कई बार डबल पोडियम का भी गौरव हासिल किया है। साथ हीं मध्यप्रदेश अकादमी की जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य और वेटलिफ्टर अजय बाबू दोनों ने रजत पदक जीतकर वैश्विक मंच पर देश सहित प्रदेश का नाम रोशन किया है।

इस बार के कॉमनवेल्थ गेम्स कई मायनों में चुनौतीपूर्ण थे। भारत के परंपरागत पदक दिलाने वाले खेल रेसलिंग, बैडमिंटन, हॉकी, शूटिंग और टेबल टेनिस खेल का हिस्सा नहीं थे। इसके बावजूद भारत के जेन - जी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया कि अब भारत की खेल शक्ति कुछ चुनिंदा खेलों तक सीमित नहीं रही है।

भारत के जेन - जी खिलाड़ी अब हर उस मंच पर अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं जहाँ अवसर उपलब्ध हैं। वे अपने अदम्य साहस, अथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा से पूरी दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि भारत अब केवल भाग लेने वाला देश नहीं बल्कि खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ने वाला देश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के सम्मान, खेल संस्कृति के विस्तार और आधुनिक सुविधाओं के विकास ने भारत के युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का नया आत्मविश्वास दिया है। यह उपलब्धियाँ खिलाड़ियों की अथक प्रयासों, अटूट लगन और समर्पण के साथ भारत में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता, आधुनिक खेल अधोसंरचना, प्रतिभा संवर्धन और युवाओं को मिल रहे व्यापक अवसरों का प्रमाण है।

वहीं मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में हम लगातार खेल, खिलाड़ी और खेल मैदान के उन्नयन व विस्तार के लिए प्रयास कर रहे हैं। खिलाड़ी को उत्कृष्ट खिलाड़ी बनाना, युवाओं को खेल के प्रति आकर्षित करना और आधुनिक अधोसंरचना का निर्माण करना हमारा लक्ष्य है। हम प्रदेश की सभी विधानसभा में एक खेल परिसर का निर्माण कर रहे हैं। जिससे प्रदेश में खेल संस्कृति को अभूतपूर्व विस्तार मिल सके।



> "भारत के जेन - जी खिलाड़ी अब हर उस मंच पर अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं जहाँ अवसर उपलब्ध हैं। वे अपने अदम्य साहस, अथक परिश्रम और अद्भुत प्रतिभा से पूरी दुनिया को यह संदेश दे रहे हैं कि भारत अब केवल भाग लेने वाला देश नहीं बल्कि खेल महाशक्ति बनने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ने वाला देश है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खिलाड़ियों के सम्मान, खेल संस्कृति के विस्तार और आधुनिक सुविधाओं के विकास ने भारत के युवा खिलाड़ियों को विश्व स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का नया आत्मविश्वास दिया है। यह उपलब्धियाँ खिलाड़ियों की अथक प्रयासों, अटूट लगन और समर्पण के साथ भारत में खेलों के प्रति बढ़ती जागरूकता, आधुनिक खेल अधोसंरचना, प्रतिभा संवर्धन और युवाओं को मिल रहे व्यापक अवसरों का प्रमाण है।"

कॉमनवेल्थ गेम्स में इस बार भारतीय मुक्केबाज़ों का स्वर्णिम प्रदर्शन इस उपलब्धि का सबसे बड़ा आधार बना। भारत ने बॉक्सिंग में रिकॉर्ड 10 पदक, जिनमें 7 स्वर्ण शामिल हैं, जीतकर नया इतिहास रच दिया। यह किसी भी देश द्वारा एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में बॉक्सिंग में जीते गए सर्वाधिक स्वर्ण पदकों का रिकॉर्ड है। ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने रजत पदक जीता, जबकि साक्षी चौधरी ने शानदार प्रदर्शन से भारतीय मुक्केबाज़ी का भविष्य और भी उज्ज्वल कर दिया।

मीराबाई चानू ने अपना तीसरा लगातार कॉमनवेल्थ स्वर्ण जीतकर खिताबी हैट्रिक पूरी की, वहीं ऋषिकांत सिंह पुरुषों के 60 किलोग्राम वर्ग में रजत जीतकर एबल-बॉडी वर्ग में पोडियम तक पहुँचने वाले पहले भारतीय बने। जूडो में अस्मिता डे इस खेल में भारत की पहली कॉमनवेल्थ चैंपियन बनीं और हर्ष सिंह ने भी पदक जीतकर इतिहास रचा।

एथलेटिक्स में भारत के युवा सितारों ने नई ऊँचाइयाँ छुईं। गुलवीर सिंह एक ही कॉमनवेल्थ गेम्स में दो व्यक्तिगत पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एवं फील्ड एथलीट बने। तेजस्विन शंकर डेकाथलॉन में पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने, जबकि चोट के कारण बर्मिंघम 2022 में हिस्सा न ले पाने वाले नीरज चोपड़ा ने पुरुषों की जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीतकर पोडियम पर वापसी की और एक बार फिर खेल प्रेमियों का दिल जीत लिया।

भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स में अपना अब तक का सबसे अच्छा पैरा-स्पोर्ट्स प्रदर्शन किया और सात मेडल जीते, जिसमें तीन गोल्ड, दो सिल्वर और दो ब्रॉन्ज शामिल थे। इनमें से छह मेडल पैरा-एथलेटिक्स में मिले, जिससे कॉमनवेल्थ गेम्स में पैरा-एथलेटिक्स पोडियम पर भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने का 20 साल का इंतजार खत्म किया और कई स्पर्धाओं में डबल पोडियम हासिल कर विश्व मंच पर अपनी असाधारण क्षमता का परिचय दिया।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के बाद इस प्रतियोगिता में भारत के कुल मेडल की संख्या 19 बार की भागीदारी में 603 हो गई है, जिससे भारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद गेम्स के इतिहास में चौथा सबसे सफल देश बन गया है।

**(खेल और युवा कल्याण मंत्री, म.प्र. शासन)**

## फोकस

■ - कीथ लो



# ट्रैफ़िक लाइट ने दुनिया को कैसे बदल दिया

दुनिया का पहला ट्रैफिक सिग्नल दिसंबर 1868 में लंदन में स्थापित किया गया था। यह वेस्टमिंस्टर पैलेस के बाहर, ब्रिज स्ट्रीट और पार्लियामेंट स्ट्रीट के जंक्शन पर स्थित था।यह कोई संयोग नहीं है कि इस विश्व-विजयी शक्ति का उद्गम यहीं हुआ। 1860 के दशक में, लंदन दुनिया का सबसे बड़ा शहर था, जिसकी आबादी लगभग चार मिलियन थी। यह दुनिया का अग्रणी वित्तीय केंद्र, दुनिया का सबसे बड़ा बंदरगाह और कनाडा से ऑस्ट्रेलिया तक फैले एक विशाल साम्राज्य का केंद्र था।

लंदन अपनी ही सफलता का शिकार बन गया था । इसकी सड़कें पैदल यात्रियों, घोड़ों, बसों, टैक्सियों और बैलगाड़ियों से भरी रहती थीं, सभी एक ही जगह के लिए होड़ करते थे। इसकी संकरी, मध्ययुगीन सड़कों पर यातायात जाम आम बात थी, और जानलेवा दुर्घटनाएँ बढ़ रही थीं: हाउस ऑफ लॉर्ड्स में हुई एक बहस के अनुसार, 1858 और 1860 के बीच शहर की सड़कों पर पैदल यात्रियों की मौत की दर प्रति सप्ताह एक तक पहुँच गई थी। तीन साल के भीतर यह दर लगभग दोगुनी हो गई; तीन साल बाद यह फिर से दोगुनी हो गई। हजारों और पैदल यात्री लापरवाह चालकों द्वारा टक्कर मारकर या कुचलकर स्थायी रूप से अपंग हो गए थे।

अव्यवस्था को नियंत्रित करने के प्रयास में, संसद ने शहर के लिए नए यातायात नियम बनाने हेतु हाउस ऑफ लॉर्ड्स की एक चयन समिति नियुक्त की। 1866 में, इस समिति ने सभी उपलब्ध विशेषज्ञों - विद्वानों, इंजीनियरों, व्यापारियों, टैक्सी चालकों, पुलिसकर्मियों आदि - को एकत्रित किया और सुझाव माँगने लगी। जल्द ही प्रस्तावों की बाढ़ आ गई। कुछ लोगों ने सुझाव दिया कि व्यस्त समय में डिलीवरी चालकों को शहर के केंद्र में आने से प्रतिबंधित कर दिया जाए। अन्य लोगों ने मांग की कि टैक्सी चालकों को अंधेरा होने के बाद लैंप लेकर चलना अनिवार्य किया जाए, ताकि पैदल यात्री उन्हें आते हुए देख सकें। सुरक्षित वाहन, सड़क विक्रेताओं की संख्या में कमी और पुलिस की शक्तियों में वृद्धि के प्रस्ताव भी रखे गए। और अगले वर्ष भर राजनेताओं द्वारा प्रत्येक प्रस्ताव पर चर्चा और बहस की गई।



ट्रैफ़िक लाइटों का विचार 38 वर्षीय रेलवे अधीक्षक जॉन पीक नाइट के मन में आया। नाइट के अनुसार, लंदन की समस्याओं का समाधान सरल था: शहर को केवल एक बेहतर सिग्नलिंग प्रणाली की आवश्यकता थी। प्रमुख चौराहों पर पहले से ही ट्रैफ़िक पुलिसकर्मियों का कब्ज़ा था - लेकिन यह खतरनाक काम था, और पुलिसकर्मी भीड़ में हमेशा दिखाई नहीं देते थे। नाइट ने रेलवे में पहले से ही इस्तेमाल हो रही प्रणाली जैसी एक प्रणाली का प्रस्ताव रखा: ऊँचे खंभों के शीर्ष पर लगे सेमाफोर सिग्नल, जिनमें रंगीन बत्तियाँ लगी हों जो अंधेरा होने के बाद भी दिखाई दें। इस तरह के सिग्नल पुलिसकर्मियों द्वारा संचालित किए जा सकते थे, लेकिन उन्हें खतरनाक ट्रैफ़िक के बीच खड़े होने की आवश्यकता नहीं थी।

काफी बहस के बाद, समिति ने नाइट के विचार को आजमाने का फैसला किया। सैक्सबी एंड फार्मर नामक रेलवे इंजीनियर फर्म ने एक प्रोटोटाइप तैयार किया, जिसे संसद भवन के बाहर सड़क पर स्थापित करने का अधिकार दिया गया था। यदि सिग्नल वहां काम करते, तो परीक्षण को शहर के अन्य हिस्सों तक बढ़ाया जाता।

इस तरह दुनिया का पहला ट्रैफिक लाइट साम्राज्य के केंद्र में स्थापित हुआ। 'द टाइम्स' अखबार ने इसे 'विशालकाय सिग्नलिंग यंत्र' कहा था, जो किसी भी पुलिसकर्मी से कहीं अधिक प्रभावशाली था। 24 फीट की ऊंचाई पर, इसके दोनों ओर दो विशाल सिग्नलिंग आर्म्स लगे थे, और यह लंदन के कोहरे में किसी अलौकिक आकृति की तरह दिखाई देता था। जब इसके आर्म्स पूरी तरह ऊपर उठते थे, तो वे आठ फीट से भी अधिक चौड़े हो जाते थे, और नीचे के ट्रैफिक को रुकने का आदेश देते थे। उसी समय, इसके शीर्ष पर लगी लाल बत्ती लंदन के टैक्सी चालकों और डिलीवरी ड्राइवरों पर चमकती थी। लगभग एक मिनट के लिए, इस यांत्रिक दानव की सुरक्षा में, पैदल यात्री सड़क पार करने के लिए स्वतंत्र होते थे; जब तक कि सिग्नलिंग आर्म्स फिर से नीचे नहीं आ जाते, लाल बत्ती हरी नहीं हो जाती, और ट्रैफिक अंततः इसके प्रभाव से मुक्त नहीं हो जाता।

ब्रिज स्ट्रीट सिग्नल का पहली बार उपयोग गुरुवार 10 दिसंबर 1868 को किया गया था - नव निर्वाचित संसद के पहले दिन - जिसने लॉर्ड्स और कॉमनर्स को इसकी सौम्य रोशनी के नीचे सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। सभी रिपोर्टों के अनुसार, इसका पहली बार उपयोग करने वाले लोग बेहद खुश थे। हाल के महीनों में, इस सड़क पर दो सांसदों को टक्कर लग चुकी थी: नए सिग्नल के लागू होने से ऐसा लग रहा था कि साम्राज्य के शासक अंततः अपनी जान के डर के बिना अपने पवित्र सदनों तक पहुंच सकेंगे।

दुर्भाग्यवश, इस नए आविष्कार की सफलता क्षणिक रही। जनवरी की शुरुआत में, इसे स्थापित किए जाने के महज तीन सप्ताह बाद ही, संरचना का आधार फट गया। जांच में पता चला कि किसी लीक हो रहे पाइप से खोखले खंभे में गैस भर गई होगी, जो उस समय प्रज्वलित हो गई जब एक पुलिस अधिकारी ने रात को लाइट बंद करने के लिए नीचे का छोटा दरवाजा खोला। सिग्नल से आग की एक तेज लपट निकली और सीधे पुलिसकर्मी के चेहरे पर जा लगी। सिग्नल की मरम्मत करनी पड़ी और पुलिसकर्मी को गंभीर रूप से जलने के कारण इलाज कराना पड़ा।

## कई मायनों में सावन भारत का सबसे लोकतांत्रिक मौसम है...

## विश्लेषण

■ - डॉ. प्रियंका सौरभ



# हर किसी का अपना सावन है

सावन सिर्फ बारिश का मौसम नहीं है, बल्कि जीवन के सभी रूपों का उत्सव है। भारत मानसून के आगमन के साथ मौसम में बदलाव का स्वागत करता है, और इससे भी कहीं अधिक। यह एक ऐसे मौसम की शुरुआत है जो फलों की भरपूर फसल, ताजगी और नए जीवन को जन्म देता है, साथ ही मानव हृदयों में नई आशा और सदियों से समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करता है। महीनों की भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बाद बारिश होती है; यह केवल प्यासी धरती के लिए ही पानी नहीं है, बल्कि जागृत सपनों के लिए, थकी हुई आत्माओं को ऊर्जा प्रदान करने के लिए और अग्नि के सानिध्य में जीने वाले हम जैसे लोगों को बंजरपन का सामना करने और यह जानने की याद दिलाने के लिए है कि इसके बाद हरियाली और नया जीवन आएगा।



कई मायनों में सावन भारत का सबसे लोकतांत्रिक मौसम है। यह सबके लिए उपलब्ध है, लेकिन हर व्यक्ति के लिए इसका अपना अनूठा महत्व है। अलग-अलग लोगों के लिए, उनके पेशे, उम्र, यादों, आस्था, आकांक्षाओं और परिस्थितियों के अनुसार इसके अलग-अलग अर्थ होते हैं। कुछ के लिए यह सफलता का प्रतीक है, तो दूसरों के लिए प्रेम का। कई लोगों के लिए यह आस्था की यात्रा है, तो बच्चों के लिए मस्ती का! जी हां, हममें से हर कोई अपने-अपने तरीके से सावन का अनुभव करता है।

भारत के किसानों के लिए सावन सिर्फ बारिश नहीं, बल्कि जीवन और जीने का मौका है। कृषि आज भी इस देश में लाखों लोगों का प्रमुख रोजगार स्रोत है और बारिश का समय पर आना या न आना कई जगहों पर जीवन-मरण का सवाल होता है। हम सभी को इंतजार करना पड़ता है, और हर बादल उम्मीद लेकर आता है, हर बौछार राहत देती है, हर हरा-भरा खेत महीनों के धैर्य और मेहनत का फल होता है। समय पर बारिश होने से मिट्टी उपजाऊ होती है और किसान का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। सफलता के बिना, आशावाद की जगह चिंता ले लेती है। इसलिए किसान सावन पर निर्भर है और उसे इस पर भरोसा करना ही चाहिए।

सावन भारतीय कविता का अभिन्न अंग रहा है। वसंत ऋतु प्रेम के द्वार खोलती है, वहीं वर्षा ऋतु प्रेम और भावनाओं की प्रचुरता की अभिव्यक्ति मानी जाती है। प्राचीन संस्कृत के कवियों, मध्यकालीन भक्ति संतों, लोकगीतों और समकालीन लेखकों को काले बादलों, हल्की फुहारों, दूर-दूर तक फैले तूफानों और वर्षा से व्याकुल दृश्यों से प्रेरणा मिली है।

## बात आपके काम की...

### मुनक्के का सेवन होता है लाभप्रद

मुनक्के का सेवन सेहत के लिए लाभ प्रद है। ये शरीर को ताकत देता है और कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत प्रदान करता है। मुनक्का का रोजाना थोड़ी मात्रा में सेवन बेहद लाभदायी है। मुनक्का खाने से थकान, कमजोरी और एनीमिया जैसी समस्याएं दूर हो सकती हैं। यह फेफड़ों को मजबूत बनाने और खून बढ़ाने में विशेष रूप से लाभकारी है। आयुर्वेद में मुनक्का को बेहद लाभदायी माना जाता है। ये शीतल, मधुर और रसायन गुणों वाला बताया गया है। यह वात-पित्त दोष को शांत करता है, शरीर के सूखेपन को कम करता है। आचार्य चरक ने इसे बलवर्धक और रक्तवर्धक द्रव्य कहा है, जो शरीर के सभी ऊतकों को पोषण देता है। सूखी खांसी, मुंह सूखना, थकान और गर्मी से जुड़ी समस्याओं में यह उपयोगी सिद्ध होता है। खून की कमी दूर करने में मुनक्का की अहम भूमिका है। इसमें आयरन, कॉपर और प्राकृतिक शुगर का संतुलन होता है, जो हीमोग्लोबिन बनाने की प्रक्रिया को तेज करता है।



**आप भी आमंत्रित** | सम्पादकीय पेज पर आप भी आमंत्रित हैं। आप अपने विचार इस पेज के जरिए अभिव्यक्त कर सकते हैं। अपने विचार-लेख, रचनाएं, पत्र हमें इस ईमेल पर भेजें- ajaybharatmorena@gmail.com

संपादकीय पेज पर प्रकाशित सामग्री पर संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है।

### मोहन कैबिनेट के बड़े फैसले

# 'कवच योजना' को दी मंजूरी, डिफाल्टर किसानों को मिलेगी राहत

भोपाल। अजयभारत न्यूज

मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट की बैठक में किसानों, शिक्षा और जनकल्याण से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसलों को मंजूरी दी गई। बैठक में सहकारी समितियों के ऋण खातों में अनियमितताओं से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए 100 करोड़ रुपये की 'कवच योजना' को स्वीकृति दी गई। सरकार के अनुसार इस योजना से करीब 5 हजार किसानों को लाभ मिलेगा।

मंत्री राकेश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कई किसानों के सहकारी ऋण खातों में गड़बड़ियों के कारण वे डिफाल्टर की श्रेणी में आ गए हैं। जांच पूरी नहीं होने से ऐसे किसान सरकारी योजनाओं और नए कृषि ऋण का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। इन किसानों को राहत देने और उन्हें दोबारा बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से 'कवच योजना' शुरू की गई है। योजना के लिए राज्य सरकार और सहकारी बैंकों की तरफ से राशि की व्यवस्था की गई है। निर्णय के अनुसार प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए अपैक्स बैंक और जिला सहकारी बैंकों द्वारा अपने स्तर से 50 करोड़ रुपये की सीमा तक की निधि का निर्माण किया जायेगा। राज्य सरकार भी किसान हित में 25 करोड़ रुपये की अंश पूंजी की सहायता एक बार उपलब्ध कराएगी, जिससे पात्र किसानों को सहायता दी जाएगी।

कैबिनेट ने प्रदेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन बुनियाद' शुरू करने का भी निर्णय लिया। पहले चरण में यह योजना 8 जिलों के करीब 500 शासकीय स्कूलों में लागू होगी। इसके तहत कक्षा 8वीं से 11वीं तक के विद्यार्थियों को एआई आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे नई तकनीक के अनुरूप तैयार हो सकें।





### बेहतर परिणाम देने वाले प्राचार्यों को सम्मान

**सरकार** ने लगातार तीन वर्षों तक बोर्ड परीक्षाओं में 100 प्रतिशत परिणाम देने वाले शासकीय स्कूलों के प्राचार्यों को सम्मानित करने का फैसला किया है। ऐसे प्राचार्यों को 1 लाख रुपये की सम्मान राशि दी जाएगी। साथ ही संबंधित स्कूल के विकास कार्यों के लिए 5 लाख रुपये तक की सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी।

# पिछले 7 साल में विदेश से लाए गए 274 अपराधी

### गृह मंत्री अमित शाह बोले- यूपीए सरकार में हर साल सिर्फ 4 लाए जाते थे


नई दिल्ली। अजयभारत न्यूज

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया है कि कैसे यूपीए सरकार की तुलना में एनडीए सरकार ने विदेश से ज्यादा अपराधियों को लाने में सफलता हासिल की है। अमिथ शाह ने यह भी कहा है कि पहले जहां अपराधी सिस्टम का फायदा उठाकर बच निकलते थे, वहीं आज उनके लिए ऐसा करना नामुमकिन हो गया है।

अमित शाह ने कहा है कि एक मजबूत और सुरक्षित भारत के विजन के तहत, मोदी सरकार ने विदेशों में छिपे भगोड़ों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। वे चाहे किसी भी देश में भागे हों, राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारत के नए नजरिए की वजह से 2019 से अब तक 274 अपराधियों की वापसी सुनिश्चित हुई है, जबकि यूपीए सरकार के समय यह संख्या हर साल सिर्फ चार थी।

#### पुराने सिस्टम की कमी दूर की

गृहमंत्री ने आगे कहा कि अब वे दिन बीत गए जब अपराधी सिस्टम की कमियों का फायदा उठाकर बच निकलते थे। नए भारत ने नए कानूनों, संस्थानों और वैश्विक साझेदारियों के जरिए पुराने सिस्टम की हर कमी को दूर किया है और सुरक्षा का एक ऐसा घेरा बनाया है, जिसे तोड़ा नहीं जा सकता।



#### ये बड़े अपराधी लाए गए भारत

- **तहव्वुर हुसैन राणा:** 26/11 मुंबई आतंकवादी हमलों का आरोपी, जिसे अमेरिका से प्रत्यर्पित कर भारत लाया गया।
- **प्रभदीप सिंह:** अजरबैजान से प्रत्यर्पित ड्रग्स सिंडिकेट और नार्को-टेररिज्म से जुड़ा कुख्यात अपराधी।
- **संजीव चावला:** साल 2000 के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच-फिक्सिंग कांड का मुख्य आरोपी, जिसे ब्रिटेन से फरवरी 2020 में भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

# ग्वालियर की डॉ. वीणा कुर्रे बनीं 'मिसेज एशिया वर्ल्ड ग्लोबल थाईलैंड 2026'

भोपाल/ग्वालियर।अजयभारत न्यूज

भोपाल की प्रसिद्ध समाजसेविका, शिक्षाविद् एवं प्रेरणास्रोत डॉ. वीणा कुर्रे को थाईलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 'मिसेज एशिया वर्ल्ड ग्लोबल थाईलैंड 2026' के प्रतिष्ठित खिताब से सम्मानित किया गया है।

इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन मुंबई ग्लोबल के द्वारा किया गया, जिसके संस्थापक एवं निर्देशक राजकुमार तिवारी हैं। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध अभिनेता सुरेंद्र पाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

डॉ. कुर्रे ने इस वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को पूरी दुनिया तक पहुंचाया। अपनी गरिमा, सेवा-भाव और आत्मविश्वास से उन्होंने देश का नाम रोशन किया। डॉ. कुर्रे ने कहा 'यह ताज सिर्फ मेरा नहीं है। यह हर उस महिला का है जो मानती है कि सेवा ही सच्ची सुंदरता है। मैं यह उपलब्धि अपने देश और सभी माताओं को समर्पित करती हूं। हृदय से आभार श्री राजकुमार तिवारी जी, मुंबई ग्लोबल टीम और विशेष अतिथि श्री सुरेंद्र पाल जी का। ' इस अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान से भोपाल एवं पूरे देश का नाम गौरवान्वित हुआ है।




# निर्माण कार्य प्रगति पर, इसलिए वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें

अजय भारत न्यूज

**झांसी।** रेल प्रशासन द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के ग्वालियर-धौलपुर रेलखंड पर स्थित समपार फाटक संख्या 449 (रेल किमी 1262/02-04) पर रेल उपरिगामी सेतु (ROB) निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण कार्य के दौरान केबल शिफ्टिंग, खुली हुई मिट्टी वाले क्षेत्र में बैकफिलिंग तथा पाइलिंग कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान मानसून के कारण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण नहीं हो सका है, जिससे संरक्षा की दृष्टि से उक्त समपार फाटक को 14 अगस्त 2026 तक बंद रखना अनिवार्य हो गया है।

रेल प्रशासन द्वारा आमजन से अनुरोध है कि समपार फाटक संख्या 449 के बंद रहने की अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए रेलवे एवं स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। यह व्यवस्था यात्रियों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा रेल उपरिगामी सेतु निर्माण कार्य को सुरक्षित एवं शीघ्र पूर्ण कराने के उद्देश्य से की गई है।

# कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दक्षिण आसिफ कुरैशी के अनुमोदन से मण्डल कार्यकारिणी घोषित

अजय भारत न्यूज

**मुरैना, (कासं)** । कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं संगठन प्रभारी, महासचिव डॉ संजय कामले के निर्देशानुसार एवं मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, मुरैना शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव (सिंधी), ब्लॉक अध्यक्ष दक्षिण आसिफ कुरैशी के अनुमोदन से मण्डल कार्यकारिणी की घोषित कर दी गई है। जिसमें रवि रजक मण्डल अध्यक्ष दक्षिण, विनोद गुर्जर उपाध्यक्ष, पंकज गुर्जर उपाध्यक्ष, राहुल रजक उपाध्यक्ष, अजय रजक महामंत्री, विनीत रजक महामंत्री, विमल रजक महामंत्री, विक्की रजक सचिव, प्रमोद रजक सचिव, अमित रजक सचिव, आकाश रजक सांस्कृतिक/सामाजिक कार्य प्रभारी, आशुतोष वर्मा सोशल मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है ।

# कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा की अंतिम तारीख 7 अगस्त

अजय भारत न्यूज

**जौरा, (कासं)** । पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 की चयन परीक्षा की अंतिम तारीख 7 अगस्त रखी गई है । विद्यालय सूत्रों के अनुसार सत्र 2027 28 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा की अंतिम तारीख 7 अगस्त रखी गई है अन्य जानकारी नवोदय विद्यालय की साइड से देखी जा सकती है ।

# पांच सैकड़ा से अधिक किसानों को खाद्य वितरित

जौरा।अजयभारत न्यूज

मार्केटिंग सोसायटी के तत्वाधान में नई व्यवस्था के तहत 5 सैकड़ा से अधिक किसानों को खाद्य वितरित किया गया ।

मंगलवार पुरानी तहसील प्रांगण में सोसाइटी कर्मचारियों द्वारा पुलिस बल की मौजूदगी में प्रातः 8:00 बजे से किसानों के आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका जमा करना प्रारंभ किया गया तत्पश्चात शाम तक 5 सैकड़ा से अधिक उन किसानों को यूरिया खाद एवं डीएपी खाद का वितरण किया गया जिनके आधार कार्ड एवं ऋण पुस्तिका एक या दो दिन पहले जमा कराई गई थी मंगलवार को जिन किसानों के आधार कार्ड जमा करवाए गए उन्हें आगामी दो से तीन दिनों में आसानी के साथ खाद भी उपलब्ध होने की बात खाद वितरण केंद्र के प्रभारी विकास जैन द्वारा कही गई है पहले दिन अपरा तफरी का माहौल बना रहा पुलिस टीम ने व्यवस्था संभाली दूसरे दिन मंगलवार को व्यवस्था सुचारू रूप से देखी गई किसानों द्वारा लाइन में लगकर अपने-अपने आधार कार्ड जमा कराई गई ।

प्रबंधक विकास जैन का कहना है कि मंगलवार को पांच सैकड़ा से अधिक किसानों को खाद वितरित किया गया और लगभग इतने ही नए किसानों के आधार कार्ड भी जमा कराई गई ।



# म.प्र. शिक्षक संघ की सदस्यता जोर-शोर से प्रारंभ

### सदस्यता के बिना संगठन अधूरा है : जिलाध्यक्ष पवन सिंह

मुरैना।अजयभारत न्यूज

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की वार्षिक सदस्यता अभियान का शुभारंभ जिले में जोर-शोर से किया गया है। संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विकासखंडों एवं तहसील इकाइयों में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है।

मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कहा कि 'सदस्यता के बिना संगठन अधूरा है। संगठन की वास्तविक शक्ति उसके सदस्य होते हैं। जितना मजबूत हमारा सदस्यता आधार होगा, उतनी ही मजबूती से हम शिक्षकों की समस्याओं और अधिकारों की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुँचा सकेंगे।

उन्होंने जिले के सभी शिक्षक साथियों से अपील की कि वे संगठन की सदस्यता ग्रहण कर शिक्षक एकता को मजबूत करें तथा अधिक से अधिक शिक्षकों को संगठन से जोड़ने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक हित, छात्र हित और राष्ट्रहित के लिए एकजुट होकर कार्य करना ही संगठन का मूल उद्देश्य है। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को व्यापक स्तर पर संपर्क करने का आह्वान किया गया है।आज की सदस्य आप में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह सिकरवार, रजनी भदौरिया, अनिल कुमार गुप्ता,सीताराम सिकरवार, राम सहाय शर्मा, आलोकेन्द्र तोमर रामशंकर गौड़ , अलीहसन, रूपेन्द्र सिकरवार,किरण सिकरवार, वीनू शर्मा आदि मौजूद रहे ।



# बेटी के जन्मदिन पर लगाया पौधा, दिया हरियाली का अनमोल संदेश

### हर जन्मदिन सिर्फ केक और खुशियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक बनना चाहिए

पोरसा। अजयभारत न्यूज

पोरसा के मनोज कुमार नगरा थाने मे (पुलिस आरक्षक पद पर है ) अपनी पुत्री तमन्ना के 5वें जन्मदिन के अवसर पर नए शासकीय अस्पताल पोरसा परिसर में पौधारोपण कर समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

उन्होंने बताया कि वे अपनी बेटी के हर जन्मदिन पर एक पौधा लगाते हैं। उनका मानना है कि पेड़-पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे अनमोल उपहार हैं। यदि हर परिवार अपने शुभ अवसरों पर एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हमारा शहर और देश दोनों अधिक हरे-भरे बन सकते हैं।

एक जन्मदिन - एक पौधा' केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

जन्मदिन मनाइए, प्रकृति को भी मुस्कुराने का मौका दीजिए।



# आखिरकार प्रारंभ हुआ क्षतिग्रस्त जय स्तंभ का निर्माण कार्य

अजय भारत न्यूज

**जौरा, (कासं)** । आखिरकार क्षतिग्रस्त गौरव के प्रतीक जय स्तंभ का निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है ।

नगर के हृदय स्थल पुरानी तहसील प्रांगण में वर्षों से जय स्तंभ स्थापित था जो देखरेख के अभाव में काफी क्षतिग्रस्त हो गया था जिसको लेकर नगर के युवा समाजसेवी रुद्र दुबे ने उसे सही करने का बीड़ा उठाया पिछले तीन माह से लगातार कलेक्टर एसडीएम नगर पालिका की जिम्मेदार कर्ताधर्ताओं से मौखिक एवं लिखित रूप से गुहार भी की अनुविभागीय अधिकारी शुभम शर्मा ने प्रकरण में गंभीरता दिखाते हुए सीएमओ वीरेंद्र रावत को शीघ्र क्षतिग्रस्त जय स्तंभ का निर्माण कार्य करने के लिए निर्देशित भी किया गया जिस पर से पिछले तीन-चार दिनों से नगर पालिका द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया है । वहीं तहसील में नगर पालिका द्वारा कचरा एवं गंदगी भी एकत्रित की जाती थी उसे भी अब बंद कर दिया गया है रुद्र दुबे ने गौरव के प्रति जय स्तंभ के निर्माण कार्य करने के लिए सभी का आभार भी बना है ।



# जिले के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों को मिले राष्ट्रनायकों की पहचान : सिकरवार

### मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को भेजा ज्ञापन, मूल्यपरक शिक्षा, राष्ट्रबोध और चरित्र निर्माण को बताया पहल का उद्देश्य

मुरैना।अजयभारत न्यूज

अमर शहीद रामप्रसाद बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान एवं जिले के प्रबुद्ध नागरिकों ने मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश एवं शिक्षा मंत्री को एक मांग-पत्र प्रेषित कर जिले के प्रमुख शासकीय विद्यालयों , शैक्षणिक संस्थानों का नामकरण देश के महान महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, अमर बलिदानियों, समाज सुधारकों एवं शिक्षाविदों के नाम पर किए जाने की मांग की है।

सीएम एवं शिक्षामंत्री को भेजे मांग पत्र में बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष शिक्षाविद डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई के केंद्र नहीं होते, बल्कि वे भावी पीढ़ी के चरित्र निर्माण, संस्कार संवर्धन एवं राष्ट्रबोध के आधार स्तंभ होते हैं। जब विद्यालयों का नाम महापुरुषों के नाम पर होता है, तो वह नाम स्वयं में प्रेरणा बनकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को गढ़ता है। इससे बच्चों में राष्ट्रप्रेम, त्याग, सेवा और कर्तव्यबोध के भाव स्वाभाविक रूप से विकसित होते हैं।

डॉ. सिकरवार ने कहा कि आज की पीढ़ी को केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों से जोड़ना समय की आवश्यकता है। महापुरुषों के नाम पर विद्यालयों का नामकरण शिक्षा को संस्कार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल होगी।

प्रबुद्धजनों ने मांग की है कि जिले के उत्कृष्ट विद्यालय, हायर सेकेंडरी स्कूल, मॉडल स्कूल सहित सभी प्रमुख शासकीय विद्यालयों का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, राष्ट्र नायकों , चंबल के वीर शहीदों , महान समाज सुधारकों, शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों एवं राष्ट्रनायक जैसे अमर क्रांतिकारी बिस्मिल, स्वामी विवेकानंद, डॉ एपीजे अब्दुल कलाम, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाए। साथ ही विद्यालय परिसर में संबंधित महापुरुषों की प्रतिमा स्थापित कर उनके जीवन, विचार एवं योगदान को प्रदर्शित किया जाए, ताकि छात्र उनसे प्रत्यक्ष प्रेरणा ले सकें।

फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री इस मांग पर सकारात्मक एवं संवेदनशील निर्णय लेकर प्रदेश में मूल्यपरक शिक्षा को नई दिशा देंगे। यह पहल न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में सहायक होगी, बल्कि समाज में राष्ट्रगौरव की भावना को भी सुदृढ़ करेगी।



# ईश्वरा महादेव के पास जंगली जानवर की हमले से किसान घायल

अजय भारत न्यूज

**जौरा, (कासं)** । जौरा क्षेत्र के प्रसिद्ध ईश्वर महादेव मंदिर के पास खिरकाई में रहने वाले एक किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया । सोमवार एवं मंगलवार की रात को ईश्वरा महादेव मंदिर के पास खिरकाई में केशव सिंह नामक किसान सो रहा था रात 9:00 बजे की लगभग एक जंगली जानवर ने अचानक हमला कर उसे बुरी तरह से जख्मी कर दिया इतना ही नहीं जंगली जानवर ने इसके भैंस के पड़ा एवं गाय के बछड़े पर भी हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया । हमले के दौरान रात का समय था इसलिए किसान हमला करने वाले जानवर को देख नहीं पाया । मंदिर में रहने वाले लोगों का कहना है कि हमला करने वाला शेर भी हो सकता है अभी तक किसान पर किस जानवर ने हमला किया है आधिकारिक रूप से किसी भी अधिकारी कर्मचारी द्वारा पुष्टि नहीं की गई है । मंदिर प्रांगण में रहने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि रात के समय इस स्थान पर नहीं रुके बरसात का मौसम भी है सावन का महीना चल रहा है जंगली जानवरों का खतरा विशेष कर रात में बना रहता है।



# खाद वितरण एवं भंडारण में अनियमितता पर अम्बाह के उर्वरक विक्रेता का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित

**मुरैना।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार विकासखंड अम्बाह स्थित एक उर्वरक विक्रेता द्वारा खाद वितरण एवं भंडारण में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने संबंधित फर्म का उर्वरक पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, विकासखंड अम्बाह के अनुसार आवेदिका श्रीमती गायत्री देवी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नीरज उपाध्याय खाद भंडार पर उर्वरक का टोकन उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराया गया। शिकायत के परीक्षण हेतु तहसीलदार अम्बाह एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित विक्रेता ने जानबूझकर अपनी दुकान बंद रखी थी तथा शिकायतकर्ता को उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया। निरीक्षण के समय विक्रेता सामने स्थित एक मिल की दुकान पर बैठा मिला। जांच के दौरान उर्वरक के भंडारण एवं वितरण संबंधी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। साथ ही विक्रेता आवश्यक अभिलेख, पी.ओ.एस. मशीन से संबंधित जानकारी तथा भंडारण संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत करने में भी असफल रहा। प्रथम दृष्टया गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैसर्स नीरज उपाध्याय खाद भंडार (प्रो. नीरज उपाध्याय), मुरैना रोड, अम्बाह, जिला मुरैना को जारी उर्वरक पंजीयन क्रमांक आरएस/419/1404/9/2019 (जारी दिनांक 18 जुलाई 2013, वैधता 18 जुलाई 2027 तक) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दतिया उपचुनाव चुनाव में कांग्रेस को मिली ऐतिहासिक जीत पर गोरमी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर मनाया जश्न

**गोरमी।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं की कड़े संघर्ष के बाद दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी कुं घनश्याम सिंह को ऐतिहासिक जीत दर्ज मिलने पर गोरमी ब्लॉक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं आतिशबाजी चला कर जोरदार जश्न मनाया गया। कुंवर घनश्याम सिंह ने भाजपा के आशुतोष तिवारी को 6016 वोटो से हरा कर विजय हासिल की है। गोरमी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव करैया ने कहा कि दतिया से घनश्याम सिंह की जीत आगामी मध्य प्रदेश के भविष्य की जीत है आने वाले समय में मध्यप्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराएगा। बरिष्ठ कांग्रेस नेता जगत सिंह यादव ने कहा कि जनता का अब भारतीय जनता पार्टी से विश्वास टूट चुका है प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री अमित शाह को नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए उनकी सरकार में मजदूर किसान व्यापारी एवं आम जनमानस परेशान है छात्रों पर लाठी चार्ज किया जा रहा है दतिया उपचुनाव में जीत से पूरे मध्य प्रदेश की जीत है आने वाली समय मध्य प्रदेश में कांग्रेस ऐतिहासिक जीत दर्ज करेगी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुंदर यादव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम सिंह सखवार कृष्ण प्रसाद कटारे लायक सिंह गुर्जर प्रदेश सचिव राजेंद्र नरवरिया मुन्ना कुशवाहा नरेंद्र भदोरिया अशोक पटेल आरिफ खान पार्षद मोहन सैनी विनोद समाधिया मंडलम अध्यक्ष राजकुमार कैराना नुन्हाड मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र भदोरिया मंडलम राजेश कटारे मंडलम अनूप परिहार मीडिया प्रभारी सुलेमान खान विकास लाखेरे जबर सिंह सुनील जैन सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने के नगर के एसबीआई चौराहा गोरमी पर जीत का जश्न मनाया ।

### ग्रोइंग पीपल फाउंडेशन द्वारा सिविल अस्पताल लहार और वृद्धा आश्रम में किया गया निःशुल्क अल्पाहार वितरण



**भिण्ड।** मानव सेवा को समर्पित संस्था श्ग्रोइंग पीपल फाउंडेशनश् द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए लगातार जनहित के कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में संस्था के तत्वावधान में स्थानीय सिविल अस्पताल लहार के बीएमओ विजय शर्मा की उपस्थिति में भर्ती सभी मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ साथ लहार के वृद्धा आश्रम में निःशुल्क अल्पाहार वितरित किया गया। संस्था द्वारा चलाए जा रहे इस सेवा अभियान के तहत मरीजों को केले और बिस्कुट के पैकेट वितरित किए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा, जिसके तहत प्रत्येक मंगलवार को अस्पताल में अल्पाहार वितरण किया जाएगा । इस मानवीय पहल का उद्देश्य अस्पताल में इलाज करा रहे दूर-दराज के गरीब और जरूरतमंद मरीजों को राहत पहुँचाना है। संस्था ने क्षेत्र के सभी संभ्रांत नागरिकों और दानदाताओं से अपील की है कि वे इस मानव सेवा के कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक श्रीकृष्ण कुमार कुशवाह एवं सतीश कुमार आर्य और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद कुमार आर्य के साथ विनोद कुमार, आदर्श दोहरे, रमेश जाटव (सरपंच रुरई) , तेजसिंह कनेरिया, मनीष जाटव (दबोह), उदय सिंह, अविलाख सर ( कोचिंग क्लासेज संचालक ), सतेन्द्र उर्फ लला महेश्वरी (शासकीय ठेकेदार एवं प्रॉपर्टी डीलर), आकाश बघेल, अजेश कुशवाह, रविन्द्र सिंह कुशवाह, मोहित प्रजापति, योगेन्द्र मेहरा, शिवम् राठौर, रामवरन बघेल, आशीष रायपुरिया, अभिषेक आजाद,बिपिन बघेल, आदित्य सिंह दोहरे ,प्रदीप कुशवाह, रीतेश कुशवाह, एवं अन्य सभी सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### किसानों की सुविधा के लिए पोहरी कृषि उपज मंडी में शुरू हुआ ऑफलाइन खाद टोकन वितरण

#### एसडीएम पोहरी ने मंडी पहुंचकर वितरण व्यवस्था का लिया जायजा



**शिवपुरी।** खाद के ऑनलाइन टोकन बुक करने में आ रही परेशानी को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने किसानों की सुविधा के लिए अधिकारियों को ऑफलाइन टोकन वितरण शुरू करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में मंगलवार को सुबह 11 बजे से पोहरी कृषि उपज मंडी समिति में ऑफलाइन टोकन वितरण शुरू किया गया। कृषि विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा किसानों को शांतिपूर्ण तरीके से टोकन वितरित किए जा रहे हैं। एसडीएम जेपी गुप्ता ने मंडी परिसर पहुंचकर वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि टोकन वितरण पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। जिन पात्र किसानों को अभी तक खाद नहीं मिली है उन्हें पहली प्राथमिकता पर टोकन दिए जाएंगे। साथ ही जिन किसानों को ऑनलाइन टोकन के जरिए पहले ही खाद मिल चुकी है उनका रिकॉर्ड भी अलग से रखा जाएगा।

### सहरिया क्रांति का सैलाब आज, निकलेगी सहरिया अधिकार हुंकार रैली, कलेक्टर को सौंपा जाएगा ज्ञापन

**शिवपुरी।** शोषण, दमन और अत्याचार के विरुद्ध वर्षों से संघर्ष कर रहे सहरिया आदिवासी समाज की आवाज बुधवार को एक बार फिर शिवपुरी की सड़कों पर गूंजेगी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सहरिया क्रांति के बैनर तले 5 अगस्त को सहरिया अधिकार हुंकार रैली निकाली जाएगी। आंदोलन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिलेभर के सहरिया आदिवासी भाई-बहनों से रैली में शामिल होकर अपनी एकजुटता और अधिकारों की ताकत दिखाने का आह्वान किया है। रैली प्रातः 12 बजे सहरिया क्रांति कार्यालय से प्रारंभ होगी। शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए रैली जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी, जहां मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन के नाम 28 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा जाएगा।

### जिले में अभी तक 292.36 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**शिवपुरी।** जिले में 01 जून 2026 से अभी तक 292.36 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले में गत वर्ष आज दिनांक तक 1040.48 मि.मी. औसत वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख शिवपुरी के अधीक्षक ने बताया कि जिले की औसत वर्षा 816.3 मि.मी.है। गत वर्ष जिले में कुल 1585.86 मि.मी.वर्षा रिकॉर्ड की गई थी। अभी तक शिवपुरी में 350.80 मि.मी., बैराढ़ में 179 मि.मी., पोहरी में 339 मि.मी., नरवर में 353 मि.मी., करैरा में 355.40 मि.मी., पिछोर में 256 मि.मी., कोलारस में 318 मि.मी., बदरवास में 276.50 मि.मी. तथा खनियाधाना में 203.50 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

### आज इन क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बंद रहेगा

**शिवपुरी।** मेंटीनेंस का कार्य किये जाने के कारण 33 के.व्ही. गोवर्धन एवं पोहरी फीडर पर 5 अगस्त को उक्त फीडर से जुड़े समस्त क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय बन्द रहेगा। उक्त 33 के.व्ही फीडरों के बंद रहने से प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र गोवर्धन, एवं खटका से जुड़े समस्त क्षेत्र तथा 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र पोहरी से जुड़े समस्त क्षेत्र एवं उच्च दाब उपभोक्ता प्रभावित रहेंगे।

### अगस्त और सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक

**शिवपुरी।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गये हैं। राशन सामग्री का शत् प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक पूरा कर उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्त्योदय अन्न योजना के हितग्राहियों को 35 कि.ग्रा. प्रति परिवार राशन (गेहूँ, चावल) एवं प्राथमिकता परिवार श्रेणी में आने वाले हितग्राहिओं को 5 कि.ग्रा. प्रति सदस्य राशन दिया जाता है। साथ ही दोनों श्रेणी के हितग्राहियों को एक कि.ग्रा. नमक प्रति परिवार दिया जाता है। पीओएस मशीन में अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री को वितरित करते समय दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश हैं। इसकी जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग होगी।

---

**जिला मुख्यालय पर अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई**

## जनसुनवाई में 28 आवेदकों के प्रकरणों की हुई सुनवाई





भिण्ड। अजयभारत न्यूज

मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने जिले के विभिन्न अंचलों से अपनी समस्याओं का आवेदन लेकर आये 28 आवेदकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

### सीईओ जिला पंचायत, अतिरिक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में पूर्व से गठित जिला जनगणना समन्वय समिति में सदस्य नियुक्त

*भिण्ड (कासं)। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को अतिरिक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में पूर्व से गठित जिला जनगणना समन्वय समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा। जिला जनगणना समन्वय समिति का गठन दिनांक 09 फरवरी 2026 को सचिव, मध्यप्रदेश शासन गृह (सामान्य) विभाग के पत्र दिनांक 20 जनवरी 2026 के आलोक में भिण्ड जिले में जनगणना 2027 से संबंधित कार्य एवं गतिविधियों के सुचारू एवं सफल संचालन तथा पर्यवेक्षण के दृष्टिगत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया था। मध्यप्रदेश शासन की अधिसूचना दिनांक 01 जून 2026 एवं जनगणना कार्य निदेशालय, मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र दिनांक 21 जुलाई 2026 द्वारा जनगणना 2027 हेतु जनगणना समन्वय समिति में नगर निगम आयुक्त को अतिरिक्त प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में अधिसूचित किया गया है।*

---

## भिंड के युवा कलाकार भूपेंद्र चौहान ने बढ़ाया जिले का मान

### लाल किले के स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए चयनित

भिंड। अजयभारत न्यूज




भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित माय भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भिंड जिले के युवा कलाकार एवं आर्यावर्ती संस्कृति संगम के उपाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान का चयन 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित होने के लिए किया गया है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर माय भारत केन्द्र भिंड ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। उल्लेखनीय है कि 1 जून से 15 जुलाई 2025 के दौरान माय भारत पोर्टल पर आयोजित राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता में भूपेंद्र चौहान ने अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर विजेता के रूप में स्थान प्राप्त किया। उनकी रचनाओं में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति तथा सामाजिक जागरूकता के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की गई। इस उपलब्धि के फलस्वरूप उन्हें 15 अगस्त को लाल किला, नई दिल्ली में आयोजित 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। यह सम्मान न केवल भूपेंद्र चौहान की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि भिंड जिले एवं मध्यप्रदेश के लिए भी गर्व का विषय है।

इस अवसर पर माय भारत केन्द्र भिंड ने कहा कि भूपेंद्र चौहान की सफलता जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उनकी उपलब्धि यह दर्शाती है कि प्रतिभा, समर्पण और निरंतर प्रयास के साथ माय भारत द्वारा युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अनेक अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

---

## बिजली कटौती के विरोध में डीजीएम को सौंपा ज्ञापन, 10 दिन का अल्टीमेटम

भिण्ड। अजयभारत न्यूज



लहार विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती एवं किसानों को आ रही विद्युत संबंधी समस्याओं के विरोध में मंगलवार को सचिव मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेठी अनुरुद्ध प्रताप सिंह के नेतृत्व में बिजली विभाग के डीजीएम को ज्ञापन सौंपा गया है।

ज्ञापन के माध्यम से क्षेत्र में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, किसानों को पर्याप्त बिजली नहीं मिलने तथा आमजन को हो रही परेशानियों की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली व्यवस्था में शीघ्र सुधार की मांग की गई है। अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने बिजली विभाग को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि आगामी 10 दिनों में लहार क्षेत्र के किसानों एवं आमजन को सुचारु रूप से बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई, तो इसके बाद कांग्रेस पार्टी द्वारा बिजली समस्या के विरोध में बड़ा आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग एवं प्रशासन की होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

---

## तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराकर खंती में पलटी, लहार के युवक की मौके पर मौत

**लहार तहसील में पदस्थ पटवारी सहित तीन गंभीर घायल, झांसी रेफर**

### जालौन जिले से लौटते समय हुआ भीषण हादसा, चालक के शराब के नशे में होने की आशंका

भिण्ड। अजयभारत न्यूज





जालौन जिले से लहार लौट रहे चार युवकों की तेज रफ्तार एक्सयूवी सोमवार को अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकराने के बाद खंती में पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि अमोल अग्रवाल (30 वर्ष), निवासी लहार की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि लहार तहसील में पदस्थ पटवारी अजय उर्फ मन्नू (40 वर्ष) सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए झांसी रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार वाहन में अजय उर्फ मन्नू (पटवारी, लहार तहसील), नाहर सिंह (35 वर्ष), पिंटू विश्वकर्मा तथा अमोल अग्रवाल सवार थे। सभी जालौन जिले से लहार लौट रहे थे, तभी रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर पहले एक पेड़ से टकराया और फिर खंती में पलट गया। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन चालक के शराब के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि तेज रफ्तार और नशे के कारण वाहन पर नियंत्रण बिगड़ गया, जिससे यह भीषण हादसा हुआ। हालांकि दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच और चिकित्सीय परीक्षण के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

घटना की सूचना मिलते ही लहार में शोक की लहर दौड़ गई

अमोल अग्रवाल के निधन से परिवार में मातम पसरा हुआ है, वहीं पटवारी अजय उर्फ मन्नू सहित अन्य घायलों के परिजन इलाज के लिए झांसी पहुंच गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है।

---

## स्टेडियम के लिए आवंटित भूमि पर अतिक्रमण कर मुक्तिधाम बनाने का किया जा रहा प्रयास

**तहसीलदार ने लगाई रोक, थाना प्रभारी करैरा को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल कार्य रुकवाने के दिए आदेश**

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



जिले के करैरा क्षेत्र में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नवीन खेल परिसर निर्माण को लेकर भूमि आवंटित की गई थी लेकिन इस आवंटित भूमि पर अतिक्रमणकारियों के हौंसले बुलंद है और यहां खेल भूमि पर जबरन मुक्तिधाम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यह मामला जब तहसीलदार करैरा के संज्ञान में आया तब तत्काल तहसीलदार के द्वारा इस निर्माण पर रोक लगाते हुए स्थगन आदेश पारित किया गया। मामले की जांच राजस्व विभाग के द्वारा की जा रही है।

जानकारी के अनुसार करैरा तहसील के ग्राम श्योपुर में खेल मैदान के लिए सुरक्षित शासकीय भूमि पर किए जा रहे निर्माण कार्य को लेकर तहसीलदार करैरा ने स्थगन आदेश जारी किया है। साथ ही थाना प्रभारी करैरा को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने एवं आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। इस जारी आदेश के अनुसार हल्का पटवारी श्योपुरा की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राम श्योपुरा की भूमि सर्वे क्रमांक 11, रकबा 2.14 हेक्टेयर की भूमि खेल मैदान (इंडोर स्टेडियम) के लिए सुरक्षित है। इसके बावजूद रामप्रकाश दुबे एवं अन्य ग्रामीणों द्वारा उक्त भूमि पर श्मशान घाट का निर्माण कराया जा रहा है। मना करने के बाद भी निर्माण कार्य जारी रहने की जानकारी प्रशासन को दी गई। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनपद पंचायत करैरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम के सर्वे क्रमांक 14 (रकबा 1.17 हेक्टेयर) एवं सर्वे क्रमांक 15 (रकबा 1.36 हेक्टेयर) की भूमि को मुक्तिधाम (श्मशान) हेतु सुरक्षित (आरक्षित) बताया गया है। ऐसे में खेल मैदान के लिए सुरक्षित भूमि पर निर्माण करना नियमों के विपरीत माना गया है। मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 32 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए तहसीलदार करैरा ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया है कि मौके पर चल रहे निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रुकवाया जाए तथा संबंधित व्यक्तियों को स्थगन आदेश की तामील कराई जाए।

---

## वन विभाग के द्वारा अवैध आरामशीनों पर कार्यवाही, 03 आराम मशीनें की जब्त

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



जिले के पिछोर तहसील अंतर्गत ग्राम ऊमरीकलां में अवैध रूप से चलाई जा रही आरामशीनों पर वन विभाग ने बड़ी कार्यवाही की है। करैरा और पिछोर वन परिक्षेत्र की संयुक्त टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से 03 अवैध आरामशीनों को जब्त किया है।

ग्राम ऊमरीकलां में अवैध आरामशीनें संचालित होने की शिकायत मिलने पर उप वनमंडलाधिकारी आदित्य शांडिल्य के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी पिछोर ऋषभ बिसारिया के नेतृत्व में वन अमले ने तुरंत कार्यवाही की। टीम ने गांव में पहुंचकर नियमानुसार सर्च वारंट चस्पा किया और छापामार कार्रवाई शुरू की। टीम द्वारा की गई कार्यवाही में ग्राम ऊमरीकलां निवासी जगदीश पुत्र बद्री विश्वकर्मा, अच्छेलाल पुत्र किशनलाल विश्वकर्मा तथा लक्ष्मण पुत्र बैजनाथ विश्वकर्मा के निवास स्थान से अवैध रूप से संचालित कुल 03 आरामशीनें पाई गईं, जिन्हें मौके से जब्त कर लिया गया। मामले में तीनों के विरुद्ध मध्यप्रदेश काष्ठ चिरान अधिनियम, 1984 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। इसके साथ ही विभाग ने यह भी कहा है कि क्षेत्र में अवैध काष्ठ चिरान और अवैध आरामशीनों के खिलाफ आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

---

## सेवा भारती के सिलाई-मेहंदी केंद्र का पदाधिकारियों ने किया अवलोकन

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



सेवा भारती द्वारा जलमंदिर सेवा बस्ती शिवपुरी में संचालित सिलाई एवं मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र का विभाग सेवा प्रमुख राजेंद्र जैन ने अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ विभाग समन्वयक अर्जुन सिंह दांगी, नवनिर्वाचित जिला सचिव जयंती बक्शी, जिला सह सचिव उत्तम सिंह कुशवाहा भी उपस्थित रहे।

अवलोकन के दौरान अतिथियों ने प्रशिक्षण केंद्र में चल रही गतिविधियों का अवलोकन किया तथा प्रशिक्षणार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के वस्त्रों और अन्य हस्तनिर्मित सामग्री को देखा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों के कार्य की सराहना करते हुए उनके कौशल, लगन एवं रचनात्मकता की प्रशंसा की। इस अवसर पर विभाग सेवा प्रमुख राजेंद्र जैन ने कहा कि यह केंद्र सेवा भारती के स्वावलंबन अभियान का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, उत्पादों की उपयोगिता एवं रोजगारपरकता को और अधिक सुदृढ़ बनाने पर बल देते हुए केंद्र को नए आयामों तक पहुँचाने का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवीन गतिविधियाँ जोडने् तथा उत्पादों की गुणवत्ता और विपणन पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। सेवा भारती शिवपुरी द्वारा संचालित यह प्रशिक्षण केंद्र सेवा बस्ती की बहनों एवं युवतियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

---

**खास खबर** | **जिला गल्ला दलाल एसोसिएशन ने किया पौधारोपण**

## प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारीः गुप्ता

शिवपुरी। अजयभारत न्यूज



पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से जिला गल्ला दलाल एसोसिएशन, शिवपुरी द्वारा मंगलवार को फूड पार्क, बदौड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुमत गुप्ता रहे। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि मध्यदेशीय अग्रवाल समाज अध्यक्ष सुमत गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अधिक से अधिक पौधे लगाकर और उनकी देखभाल कर ही आने वाली पीढियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सकता है।

इसके साथ ही पौधरोपण का संदेश देते हुए जिला गल्ला दलाल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज जैन (सेसई वाले) ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है, वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि मानव जीवन, वन्य जीवों और आने वाली पीढयिों के सुरक्षित भविष्य का भी आधार हैं, साथ ही कहा कि जिला गल्ला दलाल एसोसिएशन केवल व्यापारिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। इसी उद्देश्य से फूड पार्क, बदौड़ी इंडस्ट्रियल एरिया में वृक्षारोपण अभियान आयोजित किया गया है, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़े। इस अवसर पर एसोशिएशन के उपाध्यक्ष नीरज शर्मा, महामंत्री रोहित जैन अमोल, कोषाध्यक्ष आदित्य गोयल तथा प्रचार मंत्री विवेक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महावीर गुप्ता एवं राजेश गोयल 'रजत' ने किया। कार्यक्रम में जिला गल्ला दलाल एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी सदस्यों ने नियमित रूप से वृक्षारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखने का संकल्प दोहराया।

# जनसुनवाई के आवेदनों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## कलेक्टर ने गंभीर आवेदनों का स्वयं संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के दिए निर्देश
## जिला मुख्यालय पर 265 आवेदनकर्ताओं की सुनी समस्याएं, 39 प्रकरण टीएल में दर्ज किए गए

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं समयबद्ध निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। जनसुनवाई प्रातः 11 बजे से दोपहर 2:10 बजे तक आयोजित हुई, जिसमें कुल 265 आवेदनकर्ताओं ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। प्राप्त आवेदनों में से 39 प्रकरण ऐसे पाए गए, जिनका निराकरण समय-सीमा (टीएल) के माध्यम से किया जाना है। इन प्रकरणों को एनआईसी के माध्यम से संबंधित विभागों को अग्रेषित किया जाएगा।



जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्री जांगिड़ ने गंभीर एवं महत्वपूर्ण आवेदनों की स्वयं संज्ञान लेकर संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रेषित की तथा शीघ्र एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का संवेदनशीलता, गंभीरता और प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े और उन्हें समय पर राहत मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि लंबित प्रकरणों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा सभी अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित करें।



जनसुनवाई में नागरिकों ने राजस्व एवं भूमि संबंधी विवाद, छात्रवृत्ति, अतिथि शिक्षक, स्वास्थ्य सेवाएं, सामाजिक न्याय, पेंशन, स्वच्छता, अतिक्रमण, सिंचाई सहित विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने सभी प्रकरणों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन को जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज कर नियमानुसार निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आवेदकों को उनके प्रकरण की प्रगति एवं निराकरण की जानकारी भी समय पर उपलब्ध कराई जाए।

जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कमलेश कुमार भार्गव, अपर कलेक्टर श्री अश्विनी कुमार रावत, संयुक्त कलेक्टर श्री अशोक सिंह चैहान, संयुक्त कलेक्टर श्री सिन्हा, एसडीएम मुरैना श्री रामनिवास सिकरवार, डिप्टी कलेक्टर श्री भारत कुमार सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम मुरैना द्वारा 15 अगस्त तक चलाया जायेगा पीएम स्वनिधि पखवाड़ा

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

संचालनालय नगरीय प्रशासन विकास विभाग के निर्देश अनुसार प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर निधि योजना को व्यापक बनाने और शेष शेष रहे स्टील बैण्डरों तक तक इसकी पहुंच सुनिश्चित करने के लिए नगर निगम मुरैना द्वारा 1 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक 2026 तक विशेष पीएम स्व-निधि पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है ? यह अभियान प्रदेश के सभी जिलों एवं नगरी निकायों में आयोजित होगा अभियान अन्तर्गत वित्तीय समावेश डिजिटल सशक्तिकरण स्व-रोजगार संवर्धन और आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य को गति देने के लिए विशेष प्रयास किये जायेंगे ।



नगर निगम आयुक्त सतेंद्र धाकरे ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अन्तर्गत शहरी पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर और उनके रोजगार को बढ़ावा देने के लिए विशेष पखवाड़ा चलाया जा रहा है । यह पखवाड़ा 1 अगस्त से 15 अगस्त 2026 तक चलाया जायेगा । पखवाड़ा अन्तर्गत पूर्व से बैंक में लंबित प्रकरण को स्वीकृत करा कर शत प्रतिशत वितरण कराया जायेगा साथ ही साथ जो पथ विक्रेता योजना का लाभ लेने से रह गए उन्हें भी योजना से जोड़ा जायेगा।

# श्री बिहारी जी महाराज पंचायती ट्रस्ट ने जन्माष्टमी महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर आवेदन आमंत्रित किए

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

मंदिर श्री बिहारी जी महाराज पंचायती ट्रस्ट, सराफा बाजार, मुरैना द्वारा 4 सितम्बर 2026 को आयोजित होने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं एवं कार्यों के निष्पादन हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।



ट्रस्ट द्वारा मंदिर की रंगाई-पुताई, जन्माष्टमी के अवसर पर लाइटिंग, साउंड, जनरेटर, फूल बंगला एवं टेंट व्यवस्था, प्रसादी (पंजीरी एवं चरणामृत), जन्मोत्सव के समय बैंड, एलईडी स्क्रीन, बैरिकेडिंग, भगवान की पोशाक, आतिशबाजी, अभिषेक सामग्री, कर्मचारियों की ड्रेस, पुलिसिंग कार्य (घंटा आदि), सफाई व्यवस्था, विद्युत सामग्री (एलईडी बल्ब, ट्यूब लाइट आदि), मूर्तियों की पेंटिंग तथा 5 सितंबर 2026 को आयोजित नंदोत्सव के लिए भजन मंडली सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

इच्छुक व्यक्ति 10 अगस्त 2026 को दोपहर 3 बजे तक अपने आवेदन मंदिर श्री बिहारी जी महाराज पंचायती ट्रस्ट के उप प्रबंधक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आवेदन में आवेदक का नाम, पिता का नाम, पत्राचार का पूर्ण पता एवं मोबाइल नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा।

एसडीएम मुरैना के निर्देशानुसार प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले पात्र आवेदकों को संबंधित कार्य आवंटित किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए तहसील कार्यालय, मुरैना में कार्यालयीन समय के दौरान संपर्क किया जा सकता है।


# सिटी कोतवाली पुलिस क्षेत्र में रात्रि गश्त नदारद, अपराधों का ग्राफ बढ़ा

## माधौपुरा में प्रॉपर्टी डीलर के यहाँ 10 लाख की लूट और संजय कॉलोनी में चोरी की घटनाओं का खुलासा करने में नाकाम रही पुलिस

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

शहर में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनती जा रही है। मुरैना थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हुई गंभीर आपराधिक घटनाओं का लम्बा समय बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई खुलासा न किये जाने से नागरिकों और व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले प्रमुख मामलों में मुख्य रूप से निम्नलिखित घटनाएं शामिल हैं:




### माधौपुरा में बड़ी डकैती/लूटः

माधौपुरा क्षेत्र स्थित एक प्रॉपर्टी डीलर के यहाँ अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलकर करीब 10 लाख रुपये की नगद एवं अन्य कीमती सामान की लूट की थी। इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिये जाने के बावजूद सिटी कोतवाली पुलिस के हाथ अभी तक खाली हैं।

### संजय कॉलोनी में चोरी

संजय कॉलोनी क्षेत्र में हुई चोरियों के मामलों में भी पुलिस अब तक चोरों का सुराग लगाने में नाकाम साबित हुई है।

### मोबाइल और मोटरसाइकिल छीना-झपटीः

शहर के विभिन्न हिस्सों में आये दिन हो रही मोबाइल और मोटरसाइकिल की छीना-झपटी की वारदातों से आमजन भयभीत हैं, लेकिन पुलिस इन पर लगाम लगाने में असफल दिख रही है।

लगातार हो रही इन वारदातों और पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

स्थानीय लोगों और पीड़ितों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन सभी मामलों का खुलासा किया जाये और शहर में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाये ।

लोगों का कहना है कि रात्रि पुलिस गश्त न होने के चलते शहर में अपराधी बेखौफ हो गये हैं, और यही कारण है कि शहरी क्षेत्र में अपराध बढ़े हैं। बुद्धिजीवियों का कहना है कि पहले की तरह शहर में रात्रि पुलिस गश्त पुनः एक बार नियमित शुरू कराया जाए तो निश्चित तौर पर आपराधिक वारदातों में कमी आ सकती है।

# अगस्त और सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक - खाद्य मंत्री राजपूत

**मुरैना।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि पात्र हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों से अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री का एकमुश्त वितरण 31 अगस्त तक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गये हैं। उन्होंने कहा है कि राशन सामग्री का शत् प्रतिशत उठाव 15 अगस्त तक पूरा कर उचित मूल्य दुकानों में भण्डारण सुनिश्चित किया जाए।

अन्त्योदय अन्न योजना के हितग्राहियों को 35 कि.ग्रा. प्रति परिवार राशन (गेहूँ, चावल) एवं प्राथमिकता परिवार श्रेणी में आने वाले हितग्राहिओं को 5 कि.ग्रा. प्रति सदस्य राशन दिया जाता है। साथ ही दोनों श्रेणी के हितग्राहियों को एक कि.ग्रा. नमक प्रति परिवार दिया जाता है। पीओएस मशीन में अगस्त एवं सितम्बर की राशन सामग्री को वितरित करते समय दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराया जाएगा। मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना के अनुबंधित परिवहनकर्ताओं के माध्यम से दुकानों पर राशन सामग्री का प्रदाय समय पर सुनिश्चित करायें। इसकी जीपीएस के माध्यम से मॉनिटरिंग भी करें। उचित मूल्य दुकानों पर राशन सामग्री प्रदाय एवं वितरण की नियमित मॉनिटरिंग करने और इसमें किसी भी प्रकार की अनियमित्ता पाये जाने पर दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

# रोटरी क्लब रॉयल्स ने किया रोटरी उपवन में वृक्षारोपण

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

रोटरी क्लब रॉयल्स मुरैना ने अटल स्मारक के बगल में स्थित रोटरी उपवन में 11 वृक्षों का रोपण किया गया । इस उपवन में अब तक कल 120 वृक्षों का रोपण किया जा चुका है । यह वृक्षारोपण रोटरी के प्रांत पाल आदरणीय सीए ब्रजमोहन जी अग्रवाल और डीएसजी इंद्रपाल के द्वारा किया गया । ब्रजमोहन के द्वारा बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण रोटरी का अभिन्न अंग है रोटरी के सभी क्लबों द्वारा वर्षवर वृक्षारोपण कार्य किए जाते हैं रोटरी क्लब रॉयल्स के सचिव पवन गर्ग द्वारा बताया गया कि क्लब द्वारा वर्ष भर में विभिन्न स्थानों पर 1000 पौधों का रोपण किया जायेगा इस कार्यक्रम में क्लब की तरफ से अध्यक्ष सौरभ गुलाटी, कोषाध्यक्ष पंकज गोयल, कार्यक्रम संयोजक रोहित बंसल, पुनीत अग्रवाल,विक्की बंसल, निखिल बंसल, गौरव मित्तल, अनिल शिवहरे,सूरज बंसल, पारस जैन,अंकित जैन,ऋतिक अग्रवाल उपस्थित रहे ।




# चेहल्लुम के ताजिया कर्बला में सुपुर्द-ए-खाक



**अजय भारत न्यूज**

**जौरा, (कासं)** । नगर में चेहल्लुम के त्यौहार के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा विधि विधान के अनुसार ताजिए निकाले गये । मंगलवार को मुस्लिम समाज का चेहल्लुम का त्यौहार था इस अवसर पर समाज बंधुओ ने ताजिए नगर के प्रमुख मार्गों से निकाले गये । रात 8:00 बजे के लगभग जेल रोड स्थित कर्बला में ताजियों को मातमी माहौल में सुपुर्द-ए-खाक किये गये। इस अवसर पर मुस्लिम समाज की लाल खान रंगरेज राजू पटेल फिरोज पटेल मट्टू खान अनवर बाबा अजहर मोहम्मद अनवर खान मोबीन खान सहित अन्य मुस्लिम समाज बंधु भी मौजूद रहे ।

## पोरसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 67 लीटर अवैध शराब जब्त, 50 हजार की शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**धर्मवीर पचौरी**

**पोरसा।** मुरैना जिले में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पोरसा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 67 लीटर अवैध शराब बरामद की है। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये बताई गई है।



पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम दुर्गादास की गढ़ी में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेच रहा है। सूचना के आधार पर थाना पोरसा पुलिस ने मौके पर दबिश देकर 43 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी की निशानदेही पर उसके घर के पास छिपाकर रखी गई अवैध शराब बरामद की गई,

बरामद शराब में अंग्रेजी और देशी शराब की विभिन्न ब्रांडों की कुल 67 लीटर मात्रा शामिल है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पोरसा एवं उनकी टीम द्वारा की गई।


## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्या 17/2026/आर.एस./जे.एच.एस. दिनांकः 31.07.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (चल स्टॉक), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| **क्र.सं.: 1, निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी6-2026-27, **कार्य का विवरणः** इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कैब एयर कंडीशनर की मरम्मत और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस। | |
| **निविदा मूल्य :** ₹ 2,08,82,849.68 | **बयाना राशि :** ₹ 4,17,700.00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि :** 24 माह। | |
| **क्र.सं.: 2, निविदा सं.:** झाँसी-आर.एस.-डब्ल्यू.सी.-टी7-2026-27, **कार्य का विवरणः** पारंपरिक इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की खराब और जंग लगी न्यूमेटिक पाइपलाइनों को बदलना। | |
| **निविदा मूल्य :** ₹ 27,80,836.50 | **बयाना राशि :** ₹ 55,600.00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधि :** 18 माह। | |
| **निविदा बंद होने की तिथिः क्र.सं. 1 एवं 2 के लिये:-** 31.08.2026 | |

नोटः (1) निविदाकार निविदा दिनांक **31.08.2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर देखें। 1770/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं0 JHS-N-W-56-26 दिनांकः 31.07.2026

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल, झाँसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (**ई-टेन्डरिंग**) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना सं0:** JHS-N-W-56-26 | **कार्य लागत लगभगः** Rs. 9718628.63/- |
| **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ़ S & T वर्क इन कनेक्शन विथ रिप्लेसमेंट ऑफ़ स्टोन स्लैब ब्रिजस बॉय RCC बॉक्स/स्लैब इन झाँसी-खैरार सेक्शन ऑफ झाँसी डिवीज़न (38 Nos) । | |
| **निविदा खुलने की तिथिः** 28.08.2026 Time15.00 | **धरोहर राशिः** Rs.194400.00/- |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह | **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil. |

निविदा दिनांक **28.08.2026** को **15:00 बजे** तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1768/26(K)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## सूबेदारगंज-इन्दौर विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 04169/04170 सूबेदारगंज-इन्दौर (सप्ताह में दो दिन) विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

| गाड़ी सं. | स्टेशन से स्टेशन तक | पर अतिरिक्त ठहराव | आ. | प्र. | तिथि से प्रभावी |
|---|---|---|---|---|---|
| 04169 | सूबेदारगंज-इन्दौर | झींझक | 09:03 | 09:05 | 07.08.26 से 28.09.26 |
| 04170 | इन्दौर-सूबेदारगंज | | 15:55 | 15:57 | 08.08.26 से 29.09.26 |

उपरोक्त के अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04170 इन्दौर-सूबेदारगंज विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन) के समय में दिनांक 08.08.2026 से 29.09.2026 तक संशोधन किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है :-

| स्टेशन | वर्तमान समय | | संशोधित समय | |
|---|---|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान | आगमन | प्रस्थान |
| इन्दौर | ----- | 20:30 | कोई परिवर्तन नहीं | |
| इटावा | 15:00 | 15:02 | कोई परिवर्तन नहीं | |
| झींझक | ----- | ----- | 15:55 | 15:57 |
| गोविन्दपुरी | 17:00 | 17:05 | 17:45 | 17:50 |
| फतेहपुर | 18:00 | 18:02 | 18:58 | 19:00 |
| सिराथू | 19:03 | 19:05 | 19:45 | 19:47 |
| सूबेदारगंज | 20:00 | ----- | 20:30 | ----- |

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR 1804/26(AS)


# चंबल भवन में आयोजित जनसुनवाई में 11 आवेदकों की समस्याएं सुनी गई

**मुरैना | अजय भारत न्यूज़**

चंबल भवन, मुरैना में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में चंबल संभाग आयुक्त श्री सुरेश कुमार ने आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए। आयुक्त श्री कुमार ने प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



जनसुनवाई में राजस्व एवं भूमि विवाद, पुलिस विभाग से संबंधित प्रकरण, नगरीय क्षेत्र की स्वच्छता, अवरुद्ध नालियां, जलभराव तथा अन्य मूलभूत नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से प्राप्त हुईं। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सभी प्रकरणों का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निराकरण निर्धारित समय-सीमा में किया जाए, ताकि नागरिकों को समय पर राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन और आमजन के बीच संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। इसलिए प्रत्येक आवेदन पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ताओं को समय पर समाधान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रकरण का निराकरण पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए की गई कार्रवाई से समय-समय पर अवगत कराया जाए।

# सूचना के अधिकार के तहत नहीं दी जा रही जानकारी

**झुण्डपुरा | अजय भारत न्यूज़**

कस्बे के पूर्व पार्षद ने सूचना के अधिकार के तहत जानकारी नगरपालिका परिषद झुण्डपुरा द्वारा नहीं दिए जाने की शिकायत मध्यप्रदेश सूचना आयोग भोपाल से की है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कस्बे की नगरपालिका परिषद में हुए विभिन्न भुगतानों, निर्माण कार्य, योजना शाखा से कितने आवास स्वीकृत किये गये । पीआईसी बैठक में किये गये ठहराव, स्टोर शाखा से कितनी सामग्री क्रय की गई तथा कितना भुगतान हुआ,समस्त मदों में कितनी राशि प्राप्त हुई तथा कितनी राशि कहां-कहां खर्च हुई, संविदा पदों पर कितनी पद पूर्ति की गई, अध्यक्ष सीएमओ ने किस-किस वाहन में कितना डीजल डलवाया लोक बुक इंडेक्स की जानकारी, पदस्थ कर्मचारियों को दिए गए प्रभार की जानकारी, निर्माण शाखा द्वारा नगरीय निकाय में कहां-कहां कितनी गिट्टी मुरम डलवाई गई, निकाय के वाहनों में संधारण एवं मरम्मत पर कितना व्यय हुआ,एवं निकाय द्वारा दश हजार से एक लाख तक के निर्माण कार्यों के मूल प्रकरणों की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की मांग की गई थी जो सीएमओ अशोक कुमार वाल्मीकि ने अभी तक उपलब्ध नहीं कराई है जिससे पूर्व पार्षद ने राज्य सूचना आयोग भोपाल में शिकायती आवेदन देकर सूचना के अधिकार के तहत जानकारी उपलब्ध कराकर सीएमओ पर कार्रवाई की मांग की है।




पूर्व पार्षद भीमसेन रावत ने बताया कि नगरपालिका परिषद में विगत 26 दिसम्बर 2025 को आवेदन दिया सुनवाई नहीं होने पर उपसंचालक नगरीय निकाय ग्वालियर को 17 फरवरी 2026 को आवेदन दिया फिर भी नकल नहीं दी गई अब मैंने मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग भोपाल को 15 बिंदुओं की जानकारी देने की मांग के साथ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी समय-सीमा में उपलब्ध न कराना निकाय में भ्रष्टाचार की ओर संकेत करता है ।

स्वामित्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अजय दीक्षित द्वारा अजय भारत प्रिंटिंग प्रेस, शांति विद्या पीठ केम्पस, ग्वालियर रोड मुरैना से मुद्रित एवं ई-11 सिटी सेन्टर साइड नं. 1 ग्वालियर म.प्र. से प्रकाशित। R.N.I. पंजीयन क्रमांक MPHIN/2013/53959
प्रधान संपादक अजय दीक्षित मो. 94251-26037, प्रबंध संपादक अरूण कुमार दीक्षित मो. 94251-26036, स्थानीय संपादक रविशेखर मो. 94256-70196, 0751-4065620 email-ajaybharatmorena@gmail.com



“ मानसिक स्वास्थ्य हमारे समग्र कल्याण का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए हम सब मिलकर ऐसा वातावरण बनाएँ, जहाँ मानसिक स्वास्थ्य पर बातचीत आम और सहज हो सके। ”

श्री नरेंद्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

Tele MANAS 14416

# टेली मानस

## भारत का राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की पहल

## क्या आप किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं?

कभी भी, कहीं से भी टेली मानस के माध्यम से सहायता पाएं।
24/7, 20+ भाषाओं में, पूरे भारत में उपलब्ध।

### इन चिंताओं के लिए हमें कॉल करें:

- ज़्यादातर समय उदास या घबराहट महसूस होना
- पढ़ाई, नौकरी या पैसों की चिंता होना
- नींद से जुड़ी समस्याएँ होना
- खुद को नुकसान पहुँचाने या आत्महत्या के विचार आना
- परिवार या रिश्तों में समस्याएँ होना
- शराब या अन्य नशे की समस्या होना
- मोबाइल का बहुत ज़्यादा इस्तेमाल करना
- मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी कोई अन्य समस्या होना

**टेली मानस ऐप डाउनलोड करें और स्व-देखभाल सामग्री तथा वेलनेस अभ्यास मॉड्यूल देखें।**



- 10 क्षेत्रीय भाषाओं + अंग्रेज़ी और हिंदी में उपलब्ध।
- दिव्यांग उपयोगकर्ताओं के लिए एक्सेसिबिलिटी फीचर्स।
- मिलिए ‘अस्मी’ से आपके सवालों, जानकारी और सहायता के लिए आपका चैटबॉट।

cbc 17193/13/0002/2627

## टेली मानस को कॉल करें

24/7

# 14416

**टोल-फ्री नंबर**

**यहाँ स्कैन करें**

टेली मानस के बारे में और जानने व ऐप डाउनलोड करने के लिए!